www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक – 91 । नर्मदापुरम, शनिवार 28 जून 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

नाला मोहल्ला में पानी निकासी में बाधा बन रहे अतिक्रमण जेसीबी से तोड़े — पृष्ठ 2
छत्तीसगढ़ में उतेरा खेती की पहल / गहराई से समझना होगा अमेरिका-ईरान-इजरायल विवाद को — पृष्ठ 4
भारतीय महिला हॉकी टीम करो व मरो के डबल हेडर में चीन से भिड़ेगी — पृष्ठ 5
आपातकाल लगाना ऐतिहासिक गलती थी इसे याद रखें युवा — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### मुर्मु ने जगन्नाथ रथ यात्रा पर दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के अवसर पर लोगों को अपनी शुभकामनाएं दीं और दुनिया भर में शांति, सद्भाव तथा भाइचारे की प्रार्थना की। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, पवित्र रथ यात्रा के अवसर पर, मैं देश और विदेशों में रहने वाले महाप्रभु जगन्नाथ के श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। राष्ट्रपति ने कहा कि वार्षिक यात्रा के दौरान भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के रथों को श्री जगन्नाथ मंदिर से पुरी के श्री गुंडिचा मंदिर तक खींचा जाता है। उन्होंने कहा कि इस भव्य उत्सव में भाग लेने के लिए लाखों भक्त एकत्र होते हैं और देश के विभिन्न हिस्सों में भी इसी तरह की यात्रायें आयोजित की जाती हैं।

### महाराष्ट्र में भाषा विवाद पर उद्धव-राज करेंगे रैली

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में हिंदी भाषा को लेकर जारी विवाद के बीच उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे 5 जुलाई को मुंबई में संयुक्त रैली निकालेंगे। इससे पहले उद्धव ने 6 जुलाई और मनसे प्रमुख ने 7 जुलाई को रैली निकालने का ऐलान किया था। उधर, एनसीपी (शरद गुट) चीफ शरद पवार ने भी ठाकरे भाइयों को समर्थन दिया है। पवार ने कहा- महाराष्ट्र में कक्षा 1 से हिंदी अनिवार्य नहीं की जानी चाहिए। अगर कोई नई भाषा शुरू की जानी है तो उसे कक्षा 5 के बाद ही शुरू किया जाना चाहिए।

### जयशंकर ने अब्बास अराघची से की बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से बातचीत की। उन्होंने इस बातचीत की जानकारी सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के जरिए दी। विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि उन्होंने मौजूदा जटिल हालात पर ईरान का नजरिया जाना और उनकी सोच को समझा। इसके साथ ही उन्होंने इस बात के लिए ईरान का धन्यवाद किया कि उन्होंने भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की।

### दुष्कर्म मामले में आसाराम को राहत

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात हाईकोर्ट ने 2013 में दर्ज हुए दुष्कर्म मामले में आसाराम को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने उसकी अस्थायी जमानत सात जुलाई तक बढ़ा दी है। इस मामले में आसाराम आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। वो चिकित्सा आधार पर जमानत पर है। न्यायमूर्ति इलेश वोरा और न्यायमूर्ति संदीप भट्ट की खंडपीठ ने आसाराम को यह विस्तार इसलिए किया ताकि उनके वकील याचिका को लेकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकें। हाईकोर्ट ने कहा कि मामले की 2 जुलाई को सुनवाई होगी।

### देश में कोरोना संक्रमण से 4 की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण से चार और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा 135 पर पहुंच गया। पिछले कुछ दिनों से हालांकि कोरोना के सक्रिय मामलों में लगातार कमी आने के साथ शुक्रवार को कुल संख्या घटकर 3256 रह गई। राहत की बात यह है कि पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना सक्रिय मामलों की तुलना में स्वस्थ होने वालों की संख्या अधिक रही है। इस वायरस के संक्रमण 666 मरीजों के स्वस्थ होने के साथ इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या 23581 पहुंच गई। गौरतलब है कि देश में कोरोना के नए वेरिएंट के कारण इस वर्ष की शुरुआत से इसके मामले सामने आने लगे थे और 22 मई को सिर्फ 257 मामले सक्रिय थे, लेकिन इसके बाद इसमें वृद्धि देखी गई।

### जम्मू-कश्मीर के 2 वरिष्ठ नेता कांग्रेस में करेंगे वापसी

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) से जुड़े दो वरिष्ठ नेता कांग्रेस में वापसी करने जा रहे हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, पूर्व मंत्री ताज मोहिउद्दीन और गुलाम मोहम्मद सरूरी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव सैयद नसीर हुसैन, जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जेकेपीसीसी) के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में आज औपचारिक रूप से कांग्रेस में शामिल होंगे। श्री मोहिउद्दीन ने अगस्त 2022 में कांग्रेस छोड़ी थी और श्री आजाद की नव गठित पार्टी डीपीएपी में शामिल हो गये।

रतलाम में हुआ एमपी राइज कॉन्क्लेव का आयोजन, मुख्यमंत्री ने दी जानकारी

# 30 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव आए

35 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार



- उद्योगपतियों के साथ की वन-टू-वन चर्चा
- 35 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन पत्र सौंपे, हितग्राहियों को स्व-रोजगार के लिये 3861 करोड़ का ऋण वितरित
- निवेशकों को प्रोत्साहित करने 29 जून को सूरत में होगा रोड-शो

**रतलाम/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश के साथ-साथ अब मध्यप्रदेश भी बदल रहा है। यहां विकास के सभी क्षेत्रों में नवाचार हो रहे हैं। हर क्षेत्र में निवेश का अच्छा माहौल बना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक विकास का यह कारवां रूकेगा नहीं, बल्कि अब और तेज गति से आगे बढ़ेगा। रतलाम पहले सेव, साड़ियों और सोने के लिए जाना जाता था लेकिन अब यही रतलाम स्किल, स्केल और स्टार्टअप्स के लिए जाना जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रतलाम की राइज कॉन्क्लेव में 30402 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुये हैं, जिससे 35 हजार 520 रोजगार का सृजन होगा। लघु, मध्यम एवं सूक्ष्म उद्योग मंत्री चेतन काश्यप और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि रतलाम का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। रतलाम की देश में केन्द्रीय स्थिति इसे और भी विशेष बनाती है। बहुत जल्द प्रदेश में एयर कार्गो के जरिए हवाई मार्ग से माल की आवाजाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य की बेहतरी और युवाओं को रोजगार देने के लिए हमारी सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। मध्यप्रदेश को देश का अग्रणी प्रदेश बनाने तक हमारी कोशिशें जारी रहेंगी।

### 15 प्रमुख उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से देश के 15 प्रमुख उद्योगपतियों ने वन-टू-वन चर्चा कर निवेश प्रस्ताव दिये और मध्यप्रदेश में उद्योग लगाने की इच्छा व्यक्त की। उद्योगपतियों ने निवेश क्षेत्र और विभिन्न औद्योगिक सुविधाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को प्रदेश में बेहतर निवेश अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री से विशेषतः एमडी शक्ति पंप्स दिनेश पाटीदार, जैक्शन ग्रुप के एमडी संदीप गुप्ता, ओरियाना पॉवर के कार्यकारी उपाध्यक्ष ओमकार पांडे, एसआरएफ के निदेशक प्रशांत मेहरा और बीबा फैशन के एमडी सिद्धार्थ बिन्द्रा ने प्रमुख रूप से चर्चा की।

### मुख्यमंत्री की प्रमुख घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत ग्रीन एनर्जी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पूर्व स्थापित एमएसएमई इकाइयों द्वारा यदि केवल नवकरणीय संयंत्र की स्थापना के लिये पृथक से निवेश किया जाता है तो इन इकाइयों को भी नवकरणीय ऊर्जा संयंत्र में किये गये निवेश पर उद्योग विकास अनुदान की सहायता दी जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रतलाम में मेगा इन्वेस्टमेंट रीजन से लगे लगी 6 ग्राम बिबड़ौद, पलसोड़ी, रामपुरिया, सरवनीखुर्द, जामथुन एवं जुलवानिया क्षेत्र एवं आबादी में स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिये मार्ग निर्माण, सामुदायिक भवन एवं आवश्यक अधोसंरचना विकास के लिये प्रति ग्राम पंचायत 50 लाख की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने निवेश क्षेत्र इण्डस्ट्रीयल पार्क एवं रतलाम क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों की सुविधा के लिये नवीन क्षेत्र में 220 केवी विद्युत लाईन की व्यवस्था करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि रतलाम के पोलो ग्राउंड में अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर हॉकी का एस्ट्रो टर्फ बनाया जायेगा। साथ ही रतलाम में बड़ी हवाई पट्टी का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि कालिका माता परिसर के विकास के लिये सैटेलाइट टाउन बनाया जायेगा।

भारत-चीन के बीच बैठक में बोले राजनाथ

# सैनिकों की वापसी से जुड़े समझौते का हो पालन



**बीजींग, एजेंसी।** भारत और चीन के बीच शुक्रवार को एससीओ बैठक की साइड लाइन में रक्षा मंत्रियों की द्विपक्षीय बैठक हुई। इसमें भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और चीनी रक्षामंत्री एडमिरल डोंग जुन शामिल हुए। दोनों नेताओं ने भारत-चीन सीमा पर शांति और सौहार्द बनाए रखने की आवश्यकता पर गहन विचार-विमर्श किया।

राजनाथ सिंह ने चीनी रक्षा मंत्री को बिहार की मधुबनी पेंटिंग भेंट की। इस बैठक में राजनाथ सिंह ने चीन के साथ कूटनीतिक संबंधों को बेहतर करने के लिए एडमिरल डोंग जुन को चार बिंदु वाला प्लान पेश किया है। सैनिकों की वापसी से जुड़े 2024 के समझौते का पूरी तरह पालन हो। सीमा पर तनाव कम करने के लिए प्रयास जारी रखना। बॉर्डर तय करने की प्रकिया को तेज करना। मतभेदों को सुलझाने और संबंधों को बेहतर बनाने के लिए विशेष प्रतिनिधियों के स्तर पर बातचीत करना।

### पाक समर्थित आतंकवाद का मुद्दा भी उठाया

राजनाथ सिंह ने दोनों देशों के बीच अच्छे पड़ोसी संबंध बनाने और एशिया में स्थिरता के लिए मिलकर काम करने की जरूरत बताई। उन्होंने कैलाश मानसरोवर यात्रा के फिर से शुरू होने की भी तारीफ की। इसके साथ ही उन्होंने चीन के रक्षा मंत्री को जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले और पाकिस्तान में भारत की कार्रवाई की जानकारी भी दी। राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद के मुद्दे पर ऑपरेशन सिंदूर भारत का स्टैंड है।

# जिला अस्पताल में दिन-दहाड़े नर्सिंग की छात्रा की चाकू से गोदकर हत्या

- हत्या के बाद युवक मौके से फरार
- परिजनों ने किया चक्काजाम,आरोपी को फांसी देने की मांग

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिला अस्पताल में आज दिनदहाड़े एमएलबी स्कूल में कक्षा 12वीं की छात्रा की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। नर्स की ट्रेनिंग ले रही इस छात्रा की पहचान 18 वर्षीय संध्या चौधरी पुत्री हीरालाल चौधरी निवासी नरसिंहपुर बाहरी रोड के रूप में हुई है। छात्रा की हत्या के पहले युवक ने उसकी जमकर पिटाई कर दी थी। घटना को आरोपी युवक ने उस समय अंजाम दिया जब छात्रा अस्पताल में प्रशिक्षण के लिए इमरजेंसी रूम के सामने मौजूद थी। हत्या के बाद युवक मौके से फरार हो गया। वहीं इस घटना से आक्रोशित परिजनों ने शव को अस्पताल के बाहर रखकर चक्काजाम कर दिया और आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर फांसी देने की मांग की।

जानकारी के अनुसार आज दोपहर करीब 3 बजे काली शर्ट पहले एक अज्ञात युवक अस्पताल परिसर में दाखिल हुआ और ड्यूटी रूम के सामने ही संध्या पर धारदार चाकू से हमला कर दिया। युवक ने गले पर से हमला किया और उसके बाद वह घटना स्थल से भाग गया। घटना की खबर मिलते ही एसडीएम और कोतवाली थाना प्रभारी गौरव चाटे सहित अन्य पुलिस बल के साथ घटना पर पहुंचे। इस घटना के चश्मदीद गवाह नर्सिंग अधिकारी नलिन के मुताबिक काले रंग की शर्ट पहने एक युवक वहां आया था। उसने आते ही कुर्सी पर बैठी लड़की को पीटना शुरू कर दिया। जब उसे नलिन ने रोकना चाहा तो आरोपी ने उन्हें धमकाया। जैसे ही वह जाने के लिए पलटे आरोपी ने चाकू से लड़की पर हमला कर दिया, आरोपी द्वारा गर्दन में चाकू मारने से छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई।

# कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से दरिंदगी

- स्टाफ और छात्रों ने मिलकर दिया घटना को अंजाम
- मामले में 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता में लॉ कॉलेज की छात्रा से सामूहिक बलात्कार मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार किया था। इन आरोपियों को कोर्ट ने शुक्रवार को 10 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी शुक्रवार सुबह हुई। घटना 25 जून की है।

पुलिस के मुताबिक, वारदात को अंजाम ग्राउंड फ्लोर के एक गार्ड रूम में दिया गया है। आरोपियों का नाम मनोजीत मिश्रा, जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी है। गिरफ्तार आरोपियों में दो कॉलेज के छात्र हैं और पूर्व छात्र मनोजीत मिश्रा है। भाजपा ने मनोजीत के तृणमूल कांग्रेस से जुड़े होने का आरोप लगाया है। पुलिस की एफआईआर के मुताबिक, घटना साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज की है। कैंपस के एक गार्ड रूम में गैंगरेप बुधवार शाम 7:30 बजे से रात 10 बजे के बीच किया गया। पीड़ित की शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने पहले मुझे कॉलेज में रुकने के लिए कहा। इसके बाद ग्राउंड फ्लोर के एक कमरे में ले गए, जहां आरोपियों ने रात करीब 10 बजे तक उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है, सामूहिक दुष्कर्म के दौरान रिकॉर्डिंग भी की गई।

### जांच समय से पूरी हो: महिला आयोग

राष्ट्रीय महिला आयोग ने कोलकाता गैंगरेप मामले में खुद से नोटिस लिया है। एनसीडब्ल्यू की चेयरपर्सन ने इस घटना की तुरंत और तय समय में जांच की जाए। पीड़ित को मेडिकल, मानसिक और कानूनी मदद दी जाए। मुआवजा भी दिया जाए।

# व्हेल की उल्टी के साथ 6 गिरफ़्तार

**वडोदरा, एजेंसी।** शहर में छह लोगों को व्हेल मछली की बेशकीमती उल्टी यानी एम्बरग्रीस के साथ पकड़ा गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक हैचबैक कार में यह अवैध पदार्थ ले जाया जा रहा है। इस गाड़ी को वडोदरा के बिल अटलादरा इलाके में रोककर तलाशी ली गई, जिसमें लगभग 5.252 किलो एम्बरग्रीस बरामद हुई, बाज़ार में जिसकी कीमत लगभग रु. 1.58 करोड़ बताई गई है। पकड़े गए आरोपियों की उम्र 22 से 26 वर्ष के बीच है और ये वडोदरा व आसपास के क्षेत्रों के निवासी हैं। इनके नाम हैं: सुरेन्द्रसिंह चावड़ा, गौतम वसावा, सिद्धार्थ तडवी, सुरजसिंह काम्बोज, राजू भरवड और दीपक रबारी।

डेढ़ करोड़ से ज़्यादा है कीमत

पुलिस ने बताया कि ये लोग रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर और एफएसएल की टीम के साथ कैच ऑपरेशन के तहत पकड़े गए। उल्लेखनीय है कि इसी महीने की शुरुआत में दक्षिण गोवा में भी तीन व्यक्तियों के पास से एम्बरग्रीस बरामद किया गया था। इसकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपये है। दो महीने पहले अहमदाबाद में कचरा बीनने वाले को 2904 ग्राम एम्बरग्रीस मिली थी, जिसकी कीमत 2.90 करोड़ आंकी गई थी।


### क्या है एम्बरग्रीस

एम्बरग्रीस एक ज्वलनशील, मोम जैसा ठोस पदार्थ होता है जो व्हेल की आंतों से निकलता है। कभी-कभी यह मल की तरह निकलता है, लेकिन जब इसकी मात्रा बहुत अधिक हो जाती है, तो व्हेल इसे मुंह से बाहर उगल देती है। काले या स्लेटी रंग का यह पदार्थ व्हेल के शरीर में उसकी सुरक्षा के लिए मौजूद होता है।

व्हेल चूंकि समुद्र की गहराई में रहती है, इसलिए एम्बरग्रीस को किनारे पहुँचने में सालों लग जाते हैं। समुद्र के नमकीन पानी और धूप के संपर्क में आने के कारण यह पदार्थ कठोर, चिकनी और भूरी गांठ में बदल जाता है। इसका वजन 15 ग्राम से लेकर 50 किलो तक हो सकता है। यह दवा और महंगे इत्रों में फ्लेवरी फिक्सेट के रूप में काम आता है, जिससे इसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में बहुत ज़्यादा होती है, इसीलिए इसे तैरता हुआ सोना भी कहा जाता है। भारत में स्पर्म व्हेल को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत संरक्षित किया गया है। एम्बरग्रीस सहित व्हेल से मिलने वाला कोई भी पदार्थ गैरकानूनी माना जाता है।

भाषा विवाद : शरद पवार बोले-

# कक्षा एक से हिंदी अनिवार्य करना सही नहीं, 5वीं के बाद पढ़ाई जाए




**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में हिंदी भाषा के मुद्दे पर राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के बाद शरद पवार ने भी सरकार के फैसले पर सवाल उठाए हैं। एनसीपी-शरद गुट के प्रमुख का कहना है कि पहली क्लास से हिंदी की अनिवार्यता उचित नहीं है।

शरद पवार ने शुक्रवार को कोल्हापुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हिंदी भाषा विवाद को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, 'इसके दो पहलू हैं। पहली कक्षा से प्राथमिक विद्यालयों में हिंदी को अनिवार्य करना सही नहीं है। पांचवीं कक्षा से हिंदी सीखना छात्र के हित में है। आज देश में करीब 55 फीसदी लोग हिंदी बोलते हैं। हिंदी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।' पवार ने आगे कहा, 'महाराष्ट्र में लोग हिंदी के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन अभी पहली क्लास से ही बच्चों पर नई भाषा थोपना ठीक नहीं है। वहां मातृभाषा महत्वपूर्ण है।' उन्होंने महाराष्ट्र की राजनीति में उठते विरोध की ओर इशारा करते हुए कहा कि 'दोनों ठाकरे (उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे) हिंदी की अनिवार्यता के खिलाफ हैं।'

संविधान पर राजनीतिक गर्मी तेज, होसबाले के बयान पर विपक्ष ने बोला हमला

# आरएसएस-भाजपा को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले की तरफ से संविधान की प्रस्तावना में शामिल समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की मांग पर राजनीति तेज हो गई है। कांग्रेस समेत तमाम दलों के नेताओं ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

वहीं अब कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संघ और भाजपा पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा आरएसएस का नकाब फिर से उतर गया। संविधान इन्हें चुभता है क्योंकि वो समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है। राहुल गांधी ने आरएसएस-भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनको संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। यह बहुजनों और गरीबों से उनके अधिकार छीनकर उन्हें दोबारा गुलाम बनाना चाहते हैं। संविधान जैसा ताकतवर हथियार उनसे छीनना इनका असली एजेंडा है। राहुल गांधी ने आगे चेतावनी देते हुए कहा कि आरएसएस ये सपना देखना बंद करे हम उन्हें कभी सफल नहीं होने देंगे। हर देशभक्त भारतीय आखिरी दम तक संविधान की रक्षा करेगा। आपातकाल के 50 साल पूरे होने को लेकर भाजपा देशभर में संविधान हत्या दिवस मना रही है। वहीं राष्ट्रीय स्व्यंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने संविधान की प्रस्तावना में किए गए बदलावों को निरस्त करने के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी से माफी मांगने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद और पंथनिरपेक्ष शब्द आपातकाल के दौरान ही जोड़े गए थे।

वहीं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि आरएसएस ने संविधान को कभी स्वीकार नहीं किया। आरएसएस की यह मांग बाबा साहब आंबेडकर के न्यायपूर्ण, समावेशी और लोकतांत्रिक भारत के दृष्टिकोण को नष्ट करने की साजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आरएसएस का सुझाव संविधान की आत्मा पर जानबूझकर किया गया हमला है।


शिवराज ने कहा-

### धर्मनिरपेक्षता हमारी संस्कृति का मूल नहीं



इसी बीच केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि धर्मनिरपेक्ष हमारी संस्कृति का मूल नहीं है और इसलिए इस पर जरूर विचार होना चाहिए कि आपातकाल में जिस धर्मनिरपेक्ष शब्द को जोड़ा गया उसको हटाया जाए। समाजवाद की आत्मवत सर्वभूतेषु अपने जैसा सबको मानो ये भारत का मूल विचार है। मतलब हर किसी को अपने जैसा मानना ही भारत का मूल विचार है।

# आयुष की संशोधित ईएसआई नीति को मंजूरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम-ईएसआईसी ने समग्र, निवारक और सुविधापरक स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने के लिए 'संशोधित ईएसआई आयुष नीति' को स्वीकृति दे दी है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में शुक्रवार को ईएसआईसी की 196वीं बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। यह नीति आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को ईएसआईसी के स्वास्थ्य सेवा परिवेश में एकीकृत करने पर केंद्रित है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह नीति समग्र चिकित्सा सेवाओं को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे ईएसआईसी अस्पतालों में योग चिकित्सक और पंचकर्म विशेषज्ञों और परिचारकों की नियुक्ति हो सकेगी। बैठक में राज्यसभा सांसद डोला सेन, लोकसभा सांसद एन.के. प्रेमचंद्रन, ईएसआईसी के महानिदेशक अशोक कुमार सिंह, राज्य सरकारों के प्रधान सचिव और सचिव, नियोक्ताओं, कर्मचारियों के प्रतिनिधि और केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय और ईएसआईसी के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### तीन नोटिस मिलने के बाद भी नालियों से नहीं हटाए थे अतिक्रमण

# नाला मोहल्ला में पानी निकासी में बाधा बन रहे अतिक्रमण जेसीबी से तोड़ें




### तीन दिन पूर्व भी सीएमओ ने जाकर मौखिक समझाईश दी थी

**इटारसी, देशबन्धु।** नगर पालिका ने आज नाला मोहल्ला के वार्ड 25 और 26 में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती ऋतु मेहरा के नेतृत्व में नालियों पर किया अतिक्रमण जेसीबी से हटाया। पूर्व में इन लोगों को तीन नोटिस दिये जा चुके थे। दो दिन पूर्व भी सीएमओ श्रीमती मेहरा ने यहां के लोगों को नालियों अतिक्रमण हटाने को मौखिक कहा था, लेकिन किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया तो आज नगर पालिका ने स्वयं जाकर अतिक्रमण तोड़ दिये।

### जलभराव की समस्या थी

दरअसल नालियों पर अतिक्रमण होने से जल की निकासी नहीं हो पा रही थी और वार्ड में जलभराव की समस्या बन गयी थी। अनेक लोगों ने अपनी दुकानों के सामने नालियों पर पक्का अतिक्रमण करके जल निकासी का रास्ता अवरूद्ध करके रखा था। दो दिन पूर्व सीएमओ ने यहां का निरीक्षण करके सभी को स्वयं ही अतिक्रमण हटाने की समझाईश दी थी। आज नगर पालिका का अमला पहुंचा और वहां जाकर पक्के अतिक्रमण तोड़े गये। दोबारा अतिक्रमण नहीं करने समझाईश सीएमओ ने कहा कि मेन नालियों पर पक्के अतिक्रमण होने से पानी की निकासी नहीं हो पा रही थी। लोगों को समझाईश दी थी, उन्होंने स्वयं नहीं हटाए तो आज हम अपनी तकनीकि टीम के साथ पहुंचे और पक्के बनाये अतिक्रमण तोड़े हैं। इस दौरान कहीं कोई समस्या नहीं आयी। सभी को समझाईश दी है कि दोबारा अतिक्रमण न करें, बारिश में जलजमाव की स्थिति न बने, इसलिए नालियों का साफ रहना जरूरी है, उस पर कोई अतिक्रमण न करे। उन्होंने कहा कि सभी नालियों को मुख्य नाले से जोड़ा जाएगा।

### सड़कों पर जमा होता था पानी

बता दें कि बारिश का दौर प्रारंभ हो चुका है। ऐसे में दुकानदारों द्वारा पक्का निर्माण करने से वार्ड 25 में बेक वाटर का निकास नहीं हो पाता है, बल्कि सड़कों पर पानी जमा हो जाता है। इस दौरान तकनीकि विभाग से उपयंत्री आदित्य पांडेय, स्वच्छता विभाग से कमलकांत बड़गोती, जगदीश पटेल, पार्षद कुंदन गौर, शुभम गौर, भी मौजूद रहे।

# नर्मदापुरम में हो चुकी पचमढ़ी से अधिक वर्षा, बनखेड़ी, पिपरिया और इटारसी पिछड़े

**इटारसी, देशबन्धु।** इटारसी। इस वर्ष अब तक की वर्षा के आंकड़े बता रहे हैं कि अब तक औसत वर्षा में आगे रहने वाली सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी भी नर्मदापुरम से वर्षा के मामले में पिछड़ गई है। नर्मदापुरम में पंचमढ़ी से दोगुनी ज्यादा वर्षा हो चुकी है। पिछले वर्ष के मुकाबले इटारसी, बनखेड़ी, पिपरिया जैसी तहसील भी पिछड़ गई हैं, जबकि नर्मदापुरम और पचमढ़ी में पिछले वर्ष के मुकाबले ज्यादा वर्षा हो चुकी है।

नर्मदापुरम में पिछले वर्ष अब 69.6 मिमी वर्षा हुई थी, इस वर्ष 252.2 मिमी हो चुकी है। इसी तरह से पचमढ़ी में पिछले वर्ष 170.6 मिमी वर्षा हुई थी, इस वर्ष 176.8 मिमी हो चुकी है। इटारसी में पिछले वर्ष 85.8 मिमी, इस वर्ष 79 मिमी, सिवनी मालवा में पिछले वर्ष 45 मिमी, इस वर्ष 75 मिमी, माखननगर पिछले वर्ष 39 मिमी, इस वर्ष 94 मिमी, सोहागपुर में पिछले वर्ष 68.8 मिमी, इस वर्ष 90 मिमी, पिपरिया में पिछले वर्ष 97.4 मिमी, इस वर्ष 71.2 मिमी, बनखेड़ी में पिछले वर्ष 80.6 मिमी, इस वर्ष 68.8 मिमी, डोलरिया में पिछले वर्ष 51.9 मिमी और इस वर्ष 92.5 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी है।

### पिछले चौबीस घंटे में

पिछले चौबीस घंटे में नर्मदापुरम में 2.6 मिमी, सिवनी मालवा में 11 मिमी, इटारसी में 4.8 मिमी, माखननगर में 12, सोहागपुर में 15, पचमढ़ी में 1.8 और डोलरिया में 19.4 मिमी वर्षा हुई। जिले में कुल 66.6 मिमी वर्षा दर्ज हुई है, जबकि अब तक 999.9 मिमी वर्षा हो चुकी है।

# जमीन विवाद में तलवार-पाइप लेकर आ धमके दो दर्जन लोग

**बैतूल, देशबन्धु।** थाना बीजादेही अंतर्गत ग्राम चुनागोसाई में एक विवादित जमीन पर जब किसान खेती करने पहुंचे तो कुछ लोगों ने चिचोली क्षेत्र से 25 से 30 बाहरी लोगों को बुलवाकर जबरदस्ती खेत पर कब्जा कर लिया।

दिनेश यादव पिता रामाधार यादव ने पुलिस अधीक्षक के नाम थाना प्रभारी बीजादेही को आवेदन सौंपकर गंभीर आरोप लगाए हैं कि उनके परिवार को बाहरी अपराधिक तत्वों द्वारा जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। दिनेश यादव ने बताया कि इन लोगों ने पहले से ही धमकाना शुरू कर दिया था। उन्होंने बताया कि घटना 26 जून की है, करीब शाम 5 बजे बोलेरो क्रमांक एमपी 05बीए 0843 में सवार होकर 9 से 10 लोग उनके घर के सामने आ धमके। सभी के हाथों में तलवारें और लोहे के पाइप थे। अन्य आरोपी मोटरसाइकिल से पहुंचे थे। सभी ने खुलेआम गालियां दी और परिवार को जान से मारने की धमकी देकर चले गए। दिनेश यादव ने बताया कि यह बोलेरो वाहन बोरी गांव का है। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की घटना होती है तो इन सभी को उत्तरदायी माना जाए। गाली-गलौज की पूरी घटना मोबाइल में रिकॉर्ड की गई है, जिसमें यह साफ दिख रहा है कि कैसे अनावेदक गालियां देते हुए मौके से निकले। इसके बाद उन्होंने लिखित शिकायत कर मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# नर्मदा अपना अस्पताल एवं आरोग्य भारती के स्वास्थ्य शिविर में 250 मरीजों की जांच




**इटारसी, देशबन्धु।** नर्मदा अपना अस्पताल नर्मदापुरम और आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त की नर्मदापुरम जिला इकाई ने सिवनी मालवा के सब डिस्ट्रिक्ट अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर में 250 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। हड्डी व जोड़ रोग विभाग में डॉ राजेश शर्मा, स्पाइन सर्जन व ट्रामेंटोलॉजिस्ट एवं डॉ अखिल चौहान, एमएस ऑर्थो, महिला एवं प्रसूति रोग की विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ सुष्मीत श्रीवास्तव एमबीबीएस, डीजीओ, जनरल सर्जरी विभाग के विशेषज्ञ डॉ एएम अंसारी एमएस सर्जरी, मूत्र रोग एवं किडनी ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ शशांक सिंह एमसीएच यूरोलॉजी, कंसल्टेंट फिजिशियन एवं मेडिसिन रोग विशेषज्ञ डॉ विश्वजीत जैसवाल एमडी मेडिसिन, कैंसर रोग विभाग से रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ विजय कुमार गुप्ता एमबीबीएस एमडी ने अनेक रोगों में आमजन को परामर्श दिया। आरोग्य भारती मध्यभारत प्रांत के अध्यक्ष और नर्मदा अपना अस्पताल समूह के मुखिया डॉ राजेश शर्मा ने कहा कि हम आरोग्य भारती के माध्यम से मध्यभारत प्रान्त सहित पूरे देश में 27 आयामों पर काम कर रहे हैं, इसी क्रम में नर्मदा अपना अस्पताल के सहयोग से इस निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन सिवनी मालवा में किया जा रहा है। स्त्री व प्रसूति रोग चिकित्सक डॉ सुष्मीत श्रीवास्तव ने बताया कि आजकल नार्मल डिलेवरी धीरे-धीरे कम होती जा रही है, हम नर्मदा अस्पताल में नार्मल डिलेवरी पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।

यदि कोई भी परिवार अपनी माताओं बहनों को गर्भधारण के पहले से ही हमारे पास लाते हैं तो हम उचित एक्सरसाइज आहार विहार डायट के माध्यम से उनको प्रशिक्षित करते हैं जिससे उनको नार्मल डिलेवरी होने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। डॉ सुष्मीत ने बच्चेदानी के मुंह के कैंसर की रोकथाम के लिए विकसित हुए टीके के बारे में भी महिलाओं को बताया व प्रेरित किया।

### शिविर ग्राम पंचायत भवन में सुबह 10 बजे से 1 बजे तक लगाया

# ग्राम पलासी में लगे नेत्र शिविर में मोतियाबिन्द के 17 मरीज मिले

**इटारसी, देशबन्धु।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ के सहयोग से बाबा गोदड़ीवाला धाम इटारसी के तत्वावधान में ग्राम पलासी में निशुल्क नेत्र शिविर ग्राम पंचायत भवन में सुबह 10 बजे से 1 बजे तक लगाया। शिविर में 61 मरीजों की आंखों की जांच की गई। 25 मरीज कम दृष्टि पाए गए, 17 मरीज मोतियाबिंद के चिन्हित किए। आंखों की जांच डॉक्टर सुमित सेन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता राधिका तिलोतिया ने की। ग्राम सरपंच उमेश व समाज सेवी नरेंद्र प्रसाद हाथिया का विशेष सहयोग मिला। यह जानकरी गोदड़ी वाला धाम सचिव सन्मुखदास सन्नी चेलानी ने दी है।



# वात्सल्य हॉस्पिटल का निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल

**इटारसी, देशबन्धु।** वात्सल्य हॉस्पिटल, इटारसी द्वारा आमजन के लिए एक विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 29 जून 2025, रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक गुजराती भवन के सामने, अस्पताल कैंपस रहेगा।

निःशुल्क शिविर में CBC, RBS, ECG, Lipid Profile, BP, Sugar, Bone Densitometry, Fibro Scan, Pulmonary Function Test के साथ में दवाइयां भी फ्री दी जाएंगी। कैम्प के दिन रजिस्ट्रेशन कराने पर इलाज में 30 प्रतिशत की विशेष छूट भी दी जाएगी। शिविर में डॉ. रविन्द्र गुप्ता बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. प्रणय चौबे लेप्रोस्कोपिक सर्जन, डॉ. सुनील देवानी जनरल मेडिसिन, डॉ. वंदना सिंह योना स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. पूजा गुप्ता महिला चिकित्सक एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ, डॉ. नीलम देवानी दंत चिकित्सक pedodontist मौजूद रहेंगे।

# फुटबॉल : जूनियर बालक के फाइनल में इंदौर और भोपाल में होगा मुकाबला

**इटारसी, देशबन्धु।** बालक जूनियर अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में इंदौर और भोपाल के बीच चैम्पियन बनने के लिए मुकाबला होगा। प्रतियोगिता में आज दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहले मैच में डीएफए भोपाल ने सीहोर को 2-0 से पराजित किया। मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी अमित देव रंजन, पूर्व फीफा मैच कमिश्नर कर्नल गौतमकर, मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के रेफरी बोर्ड के एचआरओ श्री नकवी उपस्थित थे। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के लिए मैदान पर मुख्य अतिथियों को अजय राजवंशी और सौभाग्य दुबे ले गए। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच डीएफए नर्मदापुरम और डीएफए इंदौर के मध्य खेला गया। यह मैच फर्स्ट हाफ में बराबरी पर एवं मैच के दूसरे हाफ में इंदौर ने आखिरी के 3 मिनट में 01 गोल मारकर मैच में रोमांच पैदा कर दिया। मैच समाप्ति के 20 सैकंड पहले नर्मदापुरम ने दबाव बनाते हुए इंदौर पर गोल मारकर 1-1 की बराबरी हासिल कर ली। यह मैच समाप्ति के बाद मैच का फैसला पेनल्टी के द्वारा किया जिसमें इंदौर ने 05-04 के स्कोर से इंदौर ने जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच के मुख्य अतिथि नर्मदापुरम खेल युवा विभाग की खेल क्रीड़ा अधिकारी सुश्री उमा पटेल एवं एमजीएम कॉलेज के स्पोर्ट्स ऑफिसर संजीव केथवास, राजेंद्र राजपूत थे। अतिथियों से परिचय प्राप्त करने मैदान पर गोलू मालवीय, अक्षत तिवारी, भूषण कनौजिया, चिन्ना राव आदि मैदान पर ले गए। मैच में जिला फुटबाल संघ के जीतेंद्र रैकवार, प्रदीप प्रजापति, आशीष डेविड, प्रीतम तिवारी, उद्धव राजपूत, भागवत राजपूत, कृष्णा साहू, पवन, डालचंद राज और रविंद्र चौधरी उपस्थित थे। प्रतियोगिता फाइनल मैच कल 28 जून 2025 को दोपहर 2 बजे से खेला जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, विशेष अतिथि शिवाकांत गुड्डन पांडे रहेंगे तथा अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, करेंगे। विशेष अतिथि विष्णु शंकर पांडे डैनी, सत्यम अग्रवाल रहेंगे।



# एक ही मामले में दो अधिकारियों की अलग राय, मामला उलझा

### नायब तहसीलदार का गाड़ी में बैठे दस्तखत करने का वीडियो आया सामने



**बनखेड़ी, देशबन्धु।** क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एक ही मामले में दो अधिकारियों के अलग-अलग बयान सामने आए हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को बुधवार रात ही मुचलके पर छोड़ दिया गया था, जबकि नायब तहसीलदार ने दावा किया कि गुरुवार को उन्होंने आरोपियों को जमानत दी।

मामला गुरुवार शाम करीब 5.30 बजे का है, जब पुलिस पांच आरोपियों को जमानत के लिए तहसील कार्यालय लेकर पहुंची। लेकिन तहसीलदार और नायब तहसीलदार मौके पर मौजूद नहीं थे। इस दौरान सहायक ग्रेड-3 भावना रम्हारिया ने आरोपियों को जमानत देने की प्रक्रिया शुरू कर दी। मीडिया ने जब उनसे पूछा तो उन्होंने कहा, अभी जमानत नहीं दी।

इसी बीच नायब तहसीलदार रामसिपाही मरावी ने मोबाइल पर बताया कि मामला गंभीर नहीं होने पर उन्होंने कर्मचारियों को जमानत देने को कहा था। उन्होंने कहा, मैं रास्ते में हूं, पहुंचकर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर दूंगा। बाद में एएसआई चंद्रकांत परते ने बताया कि बुधवार रात करीब 9 बजे चारगांव में दबिश देकर हल्कोरी यादव, रोहित कुशवाहा, रोहित यादव, श्यामलाल कुशवाहा और दिनेश यादव को पकड़ा गया। इनके पास से 2370 रुपये भी जब्त किए गए। बाद में गुरुवार शाम 7.19 बजे नायब तहसीलदार श्री मरावी ने फोन पर कहा-सभी को बुलाकर जमानत के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

# मंडी सचिव इमने ने की एसडीओ राजस्व से मुलाकात, दी मंडी के कामकाज की जानकारी

**इटारसी, देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी में सचिव रामदीन इमने ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद आज अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और मंडी में भारसाधक अधिकारी टी प्रतीक राव से सौजन्य भेंट की। इस दौरान एसडीओ राजस्व ने उनको शुभकामनाएं देते हुए सभी के हित में कार्य कर मंडी राजस्व में बढ़ोतरी के प्रयास करने को कहा। मंडी सचिव ने आश्वस्त किया कि वे सबको साथ लेकर नियमों के अनुसार कार्य करेंगे और मंडी में किसी भी वर्ग को कोई परेशानी न हो, ऐसे प्रयास करेंगे।



# जबलपुर-अमरावती ट्रेन रविवार को अमरावती के बजाय वर्धा स्टेशन तक जाएगी, 30 जून को वर्धा से करेगी प्रस्थान

**इटारसी।** रेल प्रशासन द्वारा मध्य रेल के नागपुर मण्डल में वर्धा-बडनेरा सेक्शन के टिमटाला स्टेशन पर प्री-एनआई एवं एनआई कार्य के चलते जबलपुर-अमरावती-जबलपुर ट्रेन को एक-एक ट्रिप वर्धा स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट/ओरजिनेट करने का निर्णय लिया गया है।

गाड़ी संख्या 12160 जबलपुर-अमरावती एक्सप्रेस जो कि भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरती है, 29 जून 2025 को वर्धा स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी अथार्त वर्धा-अमरावती के बीच आंशिक निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12159 अमरवती-जबलपुर एक्सप्रेस 30 जून 2025 को वर्धा स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी अथार्त अमरावती-वर्धा के बीच आंशिक निरस्त रहेगी। यात्री असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /139 रेल मदद से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारंभ करें।

### समारोह में अतिथियों ने किया संस्था की यूनिफॉर्म का अनावरण

# नोबल कम्प्यूटर ने एक सैकड़ा से अधिक छात्रों को दिये सर्टिफिकेट







### इंडस्ट्रीज में स्किल्स की कमी है, टैली सॉफ्टवेयर 95 फीसद जगह उपयोग किया जाता है, जिसमें प्लेसमेंट की गारंटी होती है

**इटारसी, देशबन्धु।** नोबल कंप्यूटर सर्विसेज ने संस्था से कम्प्यूटर एजुकेशन और टैली कोर्सेस पूर्ण करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट एक समारोह में प्रदान किये। इस मौके पर स्टूडेंट हेतु यूनिफॉर्म का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नर्मदापुरम से सीए शैलेश चावरा रहे। टैली एजुकेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड से एमपी सीजी के रीजनल मैनेजर चंद्रकांत सिंह और सीआरओ अभिषेक कुशवाह बतौर अतिथि मौजूद थे।

अतिथियों ने विद्या की देवी सरस्वती का पूजन और दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था की स्टुडेंट सुश्री वंदना चौरे ने सत्यम शिवम सुंदर गीत की प्रस्तुति दी। कम्प्यूटर सेंटर हेड सुश्री मंजू ठाकुर ने अतिथियों का परिचय दिया तथा डायरेक्टर दीपक दुगाया ने अतिथियों का सत्कार किया। कंप्यूटर कोर्स कम्प्लीट करने वाले स्टुडेंट्स स्तुति मिश्र, प्रथम भारवेश और नयन थोमरे ने अपने अनुभव शेयर किये। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण था, संस्था की यूनिफॉर्म का अनावरण। अतिथियों ने उत्साहपूर्वक नई यूनिफॉर्म का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर, संस्था के प्रमुख और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिन्होंने यूनिफॉर्म को संस्था के स्टूडेंट के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। डायरेक्टर दीपक दुगाया ने कहा कि यह संस्था में एक नई परंपरा की शुरुआत है जो न केवल, एकता और समानता का प्रतीक है, बल्कि, छात्रों की पहचान और गर्व का भी स्रोत बनेगा।

मुख्य अतिथि शैलेश चावरा ने नोबल कम्प्यूटर की शुरुआत से अब तक अपने जुड़ाव की जानकारी प्रदान कर संस्था के संघर्ष से सफलता तक यात्रा बतायी और स्टुडेंट को भरोसा दिलाया कि संस्था से किये टैली कोर्स जीवन में कॅरियर की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होते हैं। टैली एजुकेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड से एमपी सीजी के रीजनल मैनेजर चंद्रकांत सिंह ने कंपनी के न्यू कोर्सेस की जानकारी प्रदान की साथ ही टैली कोर्स का महत्व भी बताया। उन्होंने कहा कि आज भी इंडस्ट्रीज में स्किल्स की कमी है, टैली सॉफ्टवेयर 95 फीसद जगह उपयोग किया जाता है, और प्लेसमेंट की गारंटी होती है। प्रमाण पत्र का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि जब आप बाहर भी जाते हैं तो सर्टिफिकेट की वैल्यू होती है, टैली देश ही नहीं दुनिया के सौ देशों में वैल्यूवल है। उन्होंने कहा कि कई जगह टैली पढ़ाई जाती है, लेकिन आपको देखना है कि वहां टीचर टैली सर्टिफाई होना चाहिए, यहां केवल नोबल कम्प्यूटर ही अधिकृत कोर्स कराते हैं। कार्यक्रम में करीब एक सैंकड़ा स्टूडेंट को टैली के प्रमाण पत्र प्रदान किये गये हैं। सेशन की, टापर स्टूडेंट, स्तुति मिश्रा रही। प्रमाण-पत्र वितरण का मंच संचालन अपर्णा दास ने किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किये। आभार प्रदर्शन रश्मि खरे ने किया।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### सनातन विप्र महिला मंडल ने किया पौधारोपण, दिलाया पर्यावरण संकल्प



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** सनातन विप्र महिला मंडल के द्वारा आज शासकीय प्राथमिक शाला आगरा कला वुधवाडा में वृक्षारोपण किया गया, आम, बादाम, अमरूद, पीपल और जासौन के वृक्ष लगाये, एवं वहां के बच्चों को कापी पेन, पेंसिल रबर, पानी की वाटल और नाश्ता करवाया। आगरा कला की शिक्षिका श्रीमती पुष्पलता दुबे,श्रीमती अमिता गौर ,महिला मंडल श्रीमती ममता मिश्रा, कान्ति तिवारी, राखी तिवारी, ज्योति पुरोहित, दीपशिखा मिश्रा, वंदना मिश्रा, रेणु दुबे, किरण दीबौलिया, सविता व्यास आदि उपस्थित रहे।

### ग्राम मोरगढ़ी में आज लगेगा विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला

**हरदा, देशबन्धु।** मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिषन हरदा के द्वारा विकासखंड स्तर पर अलग-अलग स्थानों पर रोजगार मेलो का आयोजन किया जा रहा है। इन रोजगार मेलों में ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होगें। जिला प्रबन्धक ग्रामीण आजीविका मिशन रामनिवास कालेश्वर ने बताया कि 28 जून को विकासखंड खिरकिया की ग्राम पंचायत मोरगडी में रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में प्रथम एज्युकेषन भोपाल, एसआईएस नीमच, प्रतिभा सिन्थेक्स पीथमपुर, सागर मैन्युफैक्चरिंग सागर एवं वर्धमान यार्न्स भोपाल की संस्थाऐं शामिल होंगी,

### किसान 'ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल' के माध्यम से करें आवेदन

**हरदा, देशबन्धु।**, नरवाई प्रबंधन के लिए उपयोग में आने वाले उन्नत कृषि यंत्र 'हैप्पी सीडर' एवं 'सुपर सीडर' अनुदान पर क्रय करने के लिए ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। उप संचालक कृषि जे. एल. कास्दे ने किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि नरवाई प्रबंधन के लिए उन्नत कृषि यंत्र हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर अनुदान पर क्रय करने के लिये आवेदन, एम.पी. ऑनलाइन या कॉमन सर्विस सेन्टर के माध्यम से कर सकते है। कृषि यंत्र के लिये आवेदन करते समय किसान भाईयों को आधार कार्ड, खसरा बी-1, बैंक खाता क्रमांक व जाति प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होगी।

### द्विवेदी और शिवराज की मध्य भारत प्रांत में हुई नियुक्ति पर जताई खुशी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जय भारत मंच के पूर्व नगर अध्यक्ष, एवं नर्मदापुरम के जिला अध्यक्ष रहे उदित



द्विवेदी को ,संगठन के प्रति आपकी कर्तव्य निष्ठा, नेतृत्व कौशल व जनकल्याण के कार्यक्रमों में भागीदारी को दृष्टिगत रखते हुए संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारी के रूप में संगठन के मार्गदर्शक माननीय इंद्रेश कुमार (अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य राष्टीय स्वयं सेवक संघ नई दिल्ली )के मार्गदर्शन में संरक्षक गिरीश जुयाल के संरक्षण और राष्टीय अध्यक्ष पुष्प राज तिवारी की अनुसंशा व अर्जुन सिंह राष्टीय महामंत्री की सहमति से मध्य प्रदेश के मध्य भारत प्रांत उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति किया गया साथ ही शिव राज चंद्रोल को जय भारत मंच मध्य भारत, मध्य प्रांत के उपाध्यक्ष सह प्रांतीय प्रवक्ता नियुक्त किए गए। अनूप पांडे, राजेश पाराशर, रत्नेश दुबे, जीतेश खंडेलवाल,सक्षम अग्रवाल,पंकज मीना,पुनीत पाठक,राजीव श्रोती,पियूष दुबे बुधनी शुभम दुबे मखननगर, विवेक रंजन दुबे,मनोज परसाई,गौरव सेठ, मुकेश श्रीवास्तव,शेर सिंह बड़कुर,गोविंद मूलचंदानी ,अनिल अग्रवाल द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

---

भगवान जगन्नाथजी के भक्तों का उत्साह चरम पर, न धूप में रुके, न ही बारिश में थमे, जोर शोर से निकली रथ यात्रा

# जगन्नाथजी का आशीर्वाद पाने लगी होड़, रथ यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

### जगह-जगह पुष्प वर्षा का श्रद्धालुओं ने किया प्रभु का स्वागत, 5 जुलाई तक गुंडीचा भवन स्वयंवरम गार्डन में रुकेंगे



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** अखंड मंडलेश्वर धाम के भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ निकली। यात्रा में कभी रिमझिम फुहार हुई तो कभी धूप भी खिली। धूप की गर्मी और बारिश की बूंदें भी भगवान जगन्नाथ का उत्साह कम नहीं कर सकीं। सुबह 10 बजे रथ यात्रा डोंगरवाड़ा से प्रारंभ हुई तो शाम को पांच बजे गुंडीचा भवन स्वयंवरम गार्डन पहुंची।

रथ यात्रा का श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और उमंग से स्वागत किया और दलों ने भगवान की पूजन अर्चन की और रथ यात्रा में शामिल भक्तों के ऊपर पुष्प वर्षा की विभिन्न संस्थाओं जगह-जगह भंडारे का भी आयोजन किया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पहले भक्तों ने भगवान को रथ में विराजमान किया। इस दौरान ठाकुर राजा आशुतोष शर्मा ने सोने की झाड़ू लगाकर प्रभु का मार्ग साफ किया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीताशरण शर्मा और पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह मंदिर के अर्चक बाबाजी प्रसाद दास, समिति के अजय रथ, विश्वजीत राय उपस्थित थे। पूजन की विधि ओडिशा के आचार्य रश्मि रंजन ने सम्पन्न कराई।

### मुस्लिम समुदाय ने प्रस्तुत की एकता की मिसाल भगवान की पूजा और भक्तों का किया स्वागत

स्थानीय मुस्लिम समुदाय में ने भी भगवान की पूजन अर्चन कर भक्तों की अगवानी की और उन पर पुष्प वर्षा की साथ ही भंडारे का भी आयोजन कर सांप्रदायिक सुधार की विशाल प्रस्तुत की। सबसे प्रथम डोंगरवाडा में सरपंच माखन कीर ने पूजा करके रथ रवाना किया। भगवान की अगवानी और भक्तों का स्वागत करने वालों में गोविंद राय परिवार, डॉ विजय महंत, अनिल अग्रवाल, सात रास्ता काली कमेटी, मनीष परदेशी, सुंदरम अग्रवाल, सुनील थापक, नितिन सराठे, जय स्तंभ चौक पर शरीफ राइन सहित अन्य मुस्लिम समुदाय, खंडेलवाल परिवार, हलवाई चौक पर वैश्य समाज, मनीष गुप्ता, मिनर्वा टेलर्स, सराफा चौक पर काली कमेटी जुमेराती, गौशाला समिति, शर्मा परिवार के संतोष शर्मा सहित ठाकुर राजा की माताजी, कसेरा बाजार में कसेरा समुदाय के कैप्टन किशोर करैया, पंडित अखिलेश केशवरे, जगदंबा बर्तन, विधायक विजयपाल सिंह मित्रमंडल, सेठा परिवार, नूतन अग्रवाल, अग्रवाल महासभा, भारती अग्रवाल, अग्रवाल मिष्ठान भंडार, शर्मा फोटो, एनआर फैशन, सांसद दर्शन सिंह मित्रमंडल, संतन जो झोपड़ों के सामने सिंधी समुदाय और उनके पूज्य गुरुजी, माहराणा प्रताप प्रतिमा स्थल पर जीतू राठौर और करणी सेना, भाजपा महिला मोर्चा की अर्चना पुरोहित एवं उनके साथी, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, दिनेश शर्मा, हंस राय, राजस्थान मिष्ठान भंडार, नीरज फौजदार, सुनील चौहान परिवार, धनकामेश्वरी बैंक, स्क्रीन होम परिवार सहित अनेक स्थानों पर भगवान का पुष्प मालाओं धूप आरती प्रसाद आदि से पूजन अर्चन किया गया समूची रथ यात्रा के दौरान भक्तों मेंअभूतपूर्व उत्साह देखा गया। रथ यात्रा में बजरंग अखाड़ा मालाखेड़ी के बल्ली यादव, वालटोली अखाड़े के उस्ताद पवन मौर्य पूरे युवकों के साथ उपस्थित रहे।

### हरदा में रथ खींचने आगे आए पूर्व मंत्री कमल पटेल



**हरदा , देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा शुक्रवार को शहर में निकाली गई।यात्रा में भगवान जगन्नाथ के साथ बलभद्र और सुभद्रा भी नगर भ्रमण पर निकले। रथयात्रा नरसिंह वार्ड स्थित जगदीश मंदिर से सुबह 9 बजे नगर भ्रमण पर निकली । यात्रा शहर के मुख्य मार्गो घंटाघर चौक, चांडक चौक, टांक चौराहा जैसानी चौक नार्मदीय धर्मशाला से होते हुए वापस जगदीश मंदिर पहुंची।इस दौरान बैंड बाजे के साथ राधाकृष्ण की झांकी भी निकाली गई। जगह जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान महाआरती कर ,छप्पन भोग लगाकर महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल , भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, जिलापंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, नपाध्यक्ष श्रीमती भारती राजू कमेडिया, नितेश बादर, बंशीलाल पवार, डॉ श्रीरंग मजूमदार, देवीसिंह साँखला, राजेश गोदारा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

---

## आरोग्य भारती ने सिवनी मालवा में लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदा अपना अस्पताल नर्मदापुरम और आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त की नर्मदापुरम जिला इकाई द्वारा सिवनी मालवा के सब डिस्ट्रिक्टअस्पताल में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 250 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। हड्डी व जोड रोग विभाग में डॉ राजेश शर्मा (स्पाइन सर्जन व ट्रामेंटोलॉजिस्ट ) एवं डॉ अखिल चौहान,(एम एस ऑर्थो) महिला एवं प्रसूति रोग की विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ सुष्मीत श्रीवास्तव(एम बी बी एस, डी जी ओ) , जनरल सर्जरी विभाग के विशेषज्ञ डॉ ए एम अंसारी ( एम एस सर्जरी) , मूत्र रोग एवं किडनी ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ शशांक सिंह (एम सी एच यूरोलॉजी), कंसल्टेंट फिजिशियन एवं मेडिसिन रोग विशेषज्ञ) डॉ विश्वजीत जैसवाल (एम डी मेडिसिन), कैंसर रोग विभाग से रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ विजय कुमार गुप्ता (एम बी बी एस एम डी) ने अनेक रोगों में आमजन को परामर्श दिया। शिविर के बारे में बताते हुए आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त के अध्यक्ष और नर्मदा अपना अस्पताल समूह के मुखिया डॉ राजेश शर्मा ने कहा कि हम आरोग्य भारती के माध्यम से मध्यभारत प्रान्त सहित पूरे देश में 27 आयामो पर काम कर रहे है इसी क्रम में नर्मदा अपना अस्पताल के सहयोग से इस नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर



का आयोजन सिवनी मालवा में किया जा रहा है। स्वस्थ व्यक्ति से स्वस्थ परिवार , स्वस्थ परिवार से स्वस्थ ग्राम और स्वस्थ ग्राम से स्वस्थ राष्ट के विचार से आरोग्य भारती कार्य करती है। पूरा नर्मदापुरम जिला स्वस्थ हो इस हेतु नर्मदा अपना अपना अस्पताल लगातार स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर रहा है। हमारा लक्ष्य जिले व प्रान्त के हर ग्राम तक पहुँचकर हर व्यक्ति तक अरोग्य को पहुँचाना है। स्त्री व प्रसूति रोग चिकित्सक डॉ सुष्मीत श्रीवास्तव ने बताया कि आजकल नार्मल डिलेवरी धीरे धीरे कम होती जा रही है हम नर्मदा अस्पताल में नार्मल डिलेवरी पर ज्यादा ध्यान दे रहे है ।

## 78वीं सीनियर राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता के अंतिम दिन मप्र के अद्वैत पागे ने जीता रजत पदक

**नर्मदापुरम , देशबन्धु।** 78वीं राष्टीय सीनियर तैराकी प्रतियोगिता 2025 भुनेश्वर उड़ीसा में मध्यप्रदेश के स्टार तैराक अद्वैत पागे ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन रजत पदक पर कब्जा जमाया, यह इस प्रतियोगिता में यह उनका दूसरा पदक है, उक्त जानकारी देते हुए मध्य प्रदेश तैराकी संघ के सचिव जय कुमार वर्मा ने बताया कि अद्वैत पागे ने आज अंतिम दिन 4म100 मी. व्यक्तिगत मेडले में 4॰26॰90 समय के साथ द्वितीय स्थान के साथ रजत पदक पर अपना कब्जा किया, जबकि कर्नाटक के तैराक शॉन गांगुली ने 4॰24॰64 समय के साथ प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया, जबकि गुजरात के आर्यन नेहरा ने 4॰30॰35 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहकर कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमाया, उल्लेखनीय है की प्रतियोगिता में अद्वैत पागे ने इसके पहले भी 1500 मी फ्री स्टाइल में कांस्य पदक भी हासिल कर चुके हैं, अद्वैत की




दोहरी सफलता पर मध्य प्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, कोषाध्यक्ष योगेंद्र सिंह राठौड़, सहसचिव रामकुमार खिलरानी, सीमांत द्विवेदी, राजेंद्र उपाध्याय, सचिन पाल, सुनील पटेल, श्री राकेश जोशी, अशोक मोदी, ओपी जगावत, शिशुकुंज स्विमिंग अकैडमी के डायरेक्टर मनोज दवे, कोच आकाश चौधरी, वेदांत कस्बे टीम मैनेजर जमना पटेल ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की।

## संभागायुक्त ने एसडीएम व तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया

**हरदा, देशबन्धु।** नर्मदापुरम् संभाग के आयुक्त के.जी. तिवारी ने शुक्रवार को हरदा के एसडीएम कार्यालय व तहसील कार्यालय का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने विभिन्न शाखाओं के अभिलेखों का परीक्षण किया और आवश्यक सुधार के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये। इस दौरान उप आयुक्त गणेश जायसवाल, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन एवं एसडीएम कुमार शानु देवडिया भी मौजूद थे। कमिश्नर तिवारी ने तहसील कार्यालय में निरीक्षण के दौरान ई-ऑफिस प्रणाली की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने तहसीलदार हरदा को ई-ऑफिस प्रणाली में सभी कर्मचारियों की मेपिंग करने के निर्देश दिये। साथ ही तहसीलदार को कार्यालय में कार्य विभाजन हेतु आदेश जारी करने के निर्देश भी दिये। उन्होने तहसील कार्यालय में अधिकारी कर्मचारियों को साफ-सफाई व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश भी दिये।



निरीक्षण के दौरान कमिश्नर तिवारी ने केशबुक, भण्डार पंजी, देयक पंजी, कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं का परीक्षण किया। उन्होने कार्यालय अधीक्षक को निर्देश दिये कि सभी पंजियों को अपडेट रखा जाए। कमिश्नर तिवारी ने स्थापना शाखा के लिपिक को निर्देश दिये कि सभी कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं में समय-समय पर आवश्यक प्रविष्टि कर अपडेट करते रहें। उन्होने तहसील कार्यालय में अव्यवस्थित रिकार्ड पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा 7 दिवस में रिकार्ड को व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। उन्होने कर्मचारियों की उपस्थिति बायोमैट्रिक मशीन अथवा सार्थक एप से लगाने के निर्देश भी दिये।

## कलेक्टर के निर्देश: सभी अधिकारी राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करें

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों बैठक में निर्देश दिये कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के नामांतरण, सीमांकन, नक्शा तरमीम, बंटवारा व बटांकन संबंधी प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण करें तथा किये गये निराकरण को आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज भी करें और इसके साथ ही राजस्व अभिलेखों को अपडेट भी किया जाए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, सुश्री रजनी वर्मा व संजीव नागू, एसडीएम हरदा कुमार शानु देवड़िया, एसडीएम टिमरनी महेश बड़ोले, एसडीएम खिरकिया अशोक डेहरिया सहित अन्य राजस्व अधिकारी मौजूद थे।

**कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को बैठक में दिये निर्देश**

कलेक्टर जैन ने कहा कि सभी एसडीएम अपने-अपने स्तर से अधीनस्थ अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित कर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन तथा वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों के निराकरण की समीक्षा करें। उन्होने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी ई-ऑफिस प्रणाली पर कार्य करें। कलेक्टर श्री जैन ने सभी एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देश दिये कि पीएम किसान योजना के हितग्राहियों में से जिनकी ई-केवायसी की कार्यवाही अपूर्ण है, उसे पूरा करें। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व वसूली बढाने के निर्देश भी दिये। उन्होने निर्देश दिये कि वर्षा के दौरान पुल पुलियों पर कोई दुर्घटना न हो इसका भी विशेष ध्यान रखें।

## बेहतर वित्तीय प्रबंधन से वर्तमान के साथ भविष्य भी संवारा जा सकता है: विजय पाठक

### वित्त की मूलभूत समझ व्यक्ति को जीवन में सही और सोच-समझकर निर्णय लेने में सक्षम बनाती है : जिला पंचायत सीईओ




**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** वित्तीय साक्षरता केवल पैसों का प्रबंधन नहीं, बल्कि यह व्यक्ति को भविष्य से जुड़े प्रभावशाली निर्णय लेने की समझ और क्षमता प्रदान करती है। आज पैसा कमाने से ज्यादा उसका सही प्रबंधन आवश्यक है। पैसा किसी की जान से ज्यादा नहीं होता पर किसी व्यक्ति के दिवंगत होने पर उसके परिवार के लिए पैसा एक बड़ा सहारा होता है इसलिए अपने जीवन काल में इस तरह का वित्तीय प्रबंधन करें कि भविष्य में भी पूरे परिवार की अर्थव्यवस्था सुद्रण रहे। ये बात जिला विधिक प्राधिकरण सचिव विजय कुमार पाठक ने बजाज

बजाज फाइनेंस द्वारा नमन नर्मदा रिसोर्ट में आयोजित वित्तीय साक्षरता अभियान अंतर्गत 'अर्थ सूत्र संवाद' कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कही। पाठक ने कई उदाहरण के माध्यम वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला। रिजर्व बैंक लोकपाल के निर्देश पर बजाज फाइनेस द्वारा वित्तीय साक्षरता अभियान अंतर्गत आयोजित अर्थ सूत्र संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विधिक प्राधिकरण सचिव विजय कुमार पाठक,जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, एसडीओपी पराग सैनी, शिक्षाविद डॉ आशीष चटर्जी ने सरस्वती जी का पूजन कर दीप प्रज्वलन के साथ किया। स्वागत भाषण में बजाज फाइनेंस के कलस्टर मैनेजर अनिल चंद्रवंशी ने बताया कि वित्तीय साक्षरता का ये अभियान देश में नर्मदापुरम से शुरू किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के ग्रामीण और कम बैंक सुविधा वाले क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के साथ वित्तीय अनुशासन के महत्व से लोगों को अवगत कराना है।

ताकि लोग वित्तीय धोखाधड़ी के प्रति जागरूकत होकर पैसों के प्रबंधन की अच्छी आदतों को सीख सके। वित्तीय जागरूकता की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत ने कहा वित्त की मूलभूत समझ व्यक्ति को जीवन में सही और सोच-समझकर निर्णय लेने में सक्षम बनाती है। आमजन के बीच वित्तीय साक्षरता और प्रबंधन से आमजन देश की जीडीपी बढ़ाने में सहभागिता निभा सकता है।अर्थ सूत्र संवाद जैसे प्रयास जमीनी स्तर पर वित्तीय आत्मविश्वास और जागरूकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में शिक्षाविद डॉ आशीष चटर्जी ने कहा कि हमारे शास्त्र में भी अर्थ का महत्व है और अर्थ प्रबंधन उसका हिस्सा है। एक समय था जब बैंकिंग सिर्फ उच्च वर्ग के लिए उपयोगी मानी जाती थी लेकिन आमजन के लिए बैंकिंग बेहद उपयोगी है। आज के समय में छोटे से छोटा व्यवसाय हो या उच्च शिक्षा सभी क्षेत्र में बैंकिंग एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।ऐसे में वित्तीय साक्षरता भी आवश्यक है ताकि व्यक्ति सही वित्त प्रबंधन से आर्थिक रूप से मजबूत बन सके।

अभियान के बहुआयामी दृष्टिकोण के तहत अर्थ सूत्र संवाद वित्तीय धोखाधड़ी के प्रति जागरूकता पर भी विशेष जोर देता है। इस विषय को इंगित करते हुए एसडीओपी पराग सैनी ने कहा कि अर्थ सूत्र संवाद का जो मुख्य उद्देश्य है कि आम लोगों को सशक्त बने, ताकि वे बचत, जिम्मेदारी से ऋण लेना, ऑनलाइन और व्यक्तिगत धोखाधड़ी से बचाव के साथ बजट बनाना, वित्तीय अनुशासन जैसी महत्वपूर्ण जानकारियों से सजग होकर बेहतर निर्णय ले सकें। इसके लिए इस तरह के जागरूक कार्यक्रमों की आवश्यकता है और इसे गांव गांव किया जाना चाहिए। श्री सैनी ने कहा कि तेजी से बदलते डिजिटल युग में वित्तीय धोखाधड़ी को लेकर जागरूकता फैलाना बेहद जरूरी है। इस अभियान के माध्यम से बजाज फाइनेंस का उद्देश्य लोगों को आम घोटालों और सावधानियों की जानकारी देना है, ताकि वे अपनी मेहनत की कमाई को सुरक्षित रख सकें और सुरक्षित वित्तीय निर्णय ले सकें। कार्यक्रम का संचालन कर रहे वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश में सांस्कृतिक आयोजनों, संवादात्मक कार्यशालाओं, विशेषज्ञ वार्ताओं और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से और अधिक प्रभावशाली बनेगा।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन बजाज फाइनेस के अधिकारी दीपक साहू, पॉल ओमेम, लिजाय फिलिप,गणेश मेहरा ने किया ।

आभार दीपक साहू ने व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद कुमार ,बीनू बुधौलिया,मुकेश अग्निहोत्री,महेंद्र तोमर,शहीद खान,श्रीजीत ठाकुर, अंकित सराठे,सिया, मोनिश मालवीय,पीयूष दुबे,यश सोनी,राज ध्यारे, विनायक वर्मा,ऋतिक नामदेव सहित मीडियाकर्मी,गणमान्य नागरिक एवं बजाज फाइनेस के कर्मचारीगण उपस्थित थे।


**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

**एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**

CIN - U67100MH2007PLC174759

**पंजीकृत कार्यालय :** एडलवाइस हाउस, पहली मंजिल, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुम्बई - 400098.

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 ("नियमावली") के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल प्रत्याभूत परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

**असाइनर** की वित्तीय सुविधाएं **एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** को सौंपी गई हैं, जो दिए गए कॉलम में स्पष्ट रूप से उल्लिखित विभिन्न ट्रस्टों के ट्रस्टी के रूप में कार्य कर रही है। उक्त असाइनमेंट के अनुसरण में, **ईएआरसी** ने असाइनर के स्थान पर कदम रखा और सुरक्षित ऋणदाता के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग किया। **ईएआरसी** ने, सुरक्षित ऋणदाता के रूप में अपनी क्षमता में, सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) और उसके तहत नियमों के तहत नीचे उल्लिखित अचल सुरक्षित संपत्तियों पर कब्जा कर लिया था।

एतद्द्वारा नोटिस सर्व साधारण और विशेषकर कर्जदार और जमानती (ओं) को **15 दिन की सूचना** दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पक्ष में बंधक अधोल्लिखित अचल प्रत्याभूत परिसंपत्तियाँ जिनका **भौतिक कब्जा** प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी (एओ) द्वारा ले लिया गया है, **ईएआरसी** के देय नीचे वर्णित राशियों और इस पर आगे की ब्याज व अन्य व्यय / लागतों, घटाए कर्जदार और जमानती से **ईएआरसी** को प्राप्त कोई धनराशि, की वसूली के लिए "जो है जहाँ है" और "जहाँ है, जैसी भी है" और "जो भी है" आधार पर बिक्री की जायेंगी। प्रत्येक संपत्ति के लिए आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा नीचे वर्णित हैं। इस नोटिस को सुरक्षा प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं नियम 9(1) के तहत बिक्री की सूचना के रूप में माना जाएगा ।

**नीलामी के लिए रखीं प्रत्याभूत परिसंपत्ति का विवरण:**

| ऋण खाता सं. / बिक्री संस्थान | कर्जदार / सह-कर्जदार का नाम | ट्रस्ट का नाम | बैंक और शाखा का नाम, खाता नंबर और आईएफएससी कोड | कुल बकाया 26.06.2025 तक | आरक्षित मूल्य (रु. में) | अग्रिम जमा राशि ईएमडी (रु. में) | नीलामी तिथी व समय | कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7000000593 PIRAMAL | 1. श्री विवेक श्रीवास्तव (ऋणी) 2.श्रीमती गीता श्रीवास्तव (सह-ऋणी) | EARC Trust SC - 477 | EDELWEISS ASSET RECONSTRUCTION COMPANY LIMITED - EMD ACCOUNT -[000405158602] Bank -ICICI BANK IFSC ICIC0000004 | ₹ 25,72,039.09 | ₹ 10,20,000/- (रुपये दस लाख बीस हजार मात्र) | ₹ 1,02,000/- (रुपये एक लाख दो हजार मात्र) | 22.07.2025 दोपहर 12.30 बजे | भौतिक |

**संपत्ति का विवरण:** संपत्ति का समस्त शेष एवं संपूर्ण भाग , एक आर.सी.सी. निर्मित मकान नं. 02 , शीट नं. 24 स्थित है, एवं प्लॉट नं. 53-54 की पटी, क्षेत्रफल 750 वर्ग फीट, पुराना पटवारी हल्का नं. 9, नया पटवारी हल्का नं. 13, पुराना वार्ड नं. 15, नया वार्ड नं. 19, मालवीय गंज इटारसी मौजा-इटारसी, तह. इटारसी जिला होशंगाबाद. **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व में: गायकवाड़ का मकान, पश्चिम में: मानसिंह ठाकुर का मकान, उत्तर में: बद्री चौरी का मकान, दक्षिण में: कॉलोनी रोड

**नीलामी प्रक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी:**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) "एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड - ईएमडी अकाउंट" के पक्ष में मुंबई में देय होगा। | |
| 2. | आरटीजीएस के माध्यम से किए गए ईएमडी भुगतान निम्नलिखित खाते में होंगे: खाता का नाम: "एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड - ईएमडी खाता" खाता संख्या: 000405158602; बैंक का नाम -आईसीआईसीआई बैंक; आईएफएससी कोड: IFSC ICIC0000004 | |
| 3. | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि | नीलामी की तिथि से एक दिन पूर्व तक प्राप्त किए जायेंगे। |
| 4. | बोली जमा करने का स्थान | पहली मंजिल, एडलवाइस हाउस, ऑफ सीएसटी रोड़, कलिना, मुम्बई - 400098 |
| 5. | नीलामी का स्थान (नीलामी हेतु वेबसाईट) | ई-नीलामी (https://auction.edelweissarc.in) |
| 6. | संपर्क विवरण साथ फोन नं. | टोल फ्री नंबर : 1800 266 6540 |
| 7. | संपत्ति के निरिक्षण की तिथि एवं समय | पूर्व समयादेशानुसार |

बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तों के लिए कृपया ईएआरसी की वेबसाइट अर्थात **https://auction.edelweissarc.in** पर दिया लिंक देखें।

दिनांक : 27-06-2025
स्थान : मुम्बई

प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

Edelweiss Asset Reconstruction

# अभिमत

**फसलों की कटाई हाथ से हंसिए से की जाती है। ठंडल बहुत छोटे होते हैं और उन्हें जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे मिट्टी की सेहत भी अच्छी होती है। इसके फसलों के ठंडल भूमि में सड़कर जैव खाद बनाते हैं, मिट्टी को उर्वर बनाते हैं। इसके साथ, फल्ली वाली फसलों की पत्तियां मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में सहायक हैं। किसानों का जाना-माना तरीका रहा है। मिट्टी को उर्वर बनाने के लिए मिश्रित खेती की पद्धतियां मददगार हैं।**

## छत्तीसगढ़ में उतेरा खेती की पहल

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

छत्तीसगढ़ में पारंपरिक खेती काफी समृद्ध रही है। यहां खेती में काफी विविधता है। यह इलाका, न केवल धान की खेती के लिए जाना जाता है,बल्कि विविध तरह की खेती की भी इसकी पहचान रही है। आज इस कॉलम में इसी पर चर्चा करना चाहूंगा, जिससे खेती के साथ पशुपालन, खान-पान की संस्कृति को समझा जा सके।

छत्तीसगढ़ में परंपरागत रूप से उतेरा खेती होती है। उतेरा खेती में एक फसल कटने से पहले दूसरी फसल को बोया जाता है। यानी दूसरी फसलों की बुआई पहली फसल कटने के पहले ही कर दी जाती है।

छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। यहां की प्रमुख फसल धान है। धान की फसल जब खड़ी रहती है, जब उसमें फूल आने लगते हैं, फसलों में करीब आधे प्रतिशत फूल आ जाते हैं, तब उसमें दूसरी फसलें बोई जाती हैं। यह समय अक्टूबर आखिर में या नवंबर के पहले हफ्ते का होता है।

यानी बारिश की नमी में धान की फसल के बीच तिवड़ा ( खेसरी दाल),बटरी, अलसी, उड़द, सरसों व चना के बीज छिड़क दिए जाते हैं। इसमें सावधानी रखनी होती है कि खेत का पानी सूख जाए तभी बीजों का छिड़काव किया जाता है। इन फसलों को अलग-अलग नमी के हिसाब से छिड़कते हैं, या बोते हैं, एक साथ नहीं। यह किसानों का इसका पारंपरिक ज्ञान है। इसके बाद फसलें धीरे- धीरे उग जाती हैं।

धान कटाई बहुत ही सावधानी से की जाती है, जिससे दूसरी फसलों को नुकसान न पहुंचे। खेत में धान के डंठलों के बीच से तिवड़ा उग जाता है, जिसके पौधे को ठंडलों से मदद भी मिलती है।

मार्च के आसपास यह फसलें तैयार हो जाती हैं और फिर काट ली जाती हैं। यानी बारिश की नमी में ही दूसरी फसलें भी पक जाती हैं। यह छत्तीसगढ़ के किसानों का परंपरागत तरीका है।

इसी प्रकार, यहां किसान खेतों की मेड़ों पर भी अरहर, तिली, गजा मूंग, अमाड़ी, भिंडी, बरबटी, झुरगा ( बरबटी की तरह), चुटचुटिया( ग्वारफली) आदि लगाते हैं। यानी खेत में धान, उतेरा में तिवड़ा, अलसी, बटरी, सरसों, उड़द, चना आदि लगाते हैं और मेड़ पर भी अरहर, तिली, हरी सब्जियां लगाते हैं।

एक खेत में धान यानी चावल, दलहन व तिलहन सब कुछ हो जाता है। छत्तीसगढ़ की खान-पान की संस्कृति, तीज-त्यौहार व खेती से जुड़े हैं। यहां का प्रमुख भोजन चावल है, यानी भात और दाल। सब कुछ किसान खेतों में उगा लेते हैं। अतिरिक्त फसलें होने से आर्थिक लाभ भी होता है। भोजन में भी पोषण मिलता है। यह मिश्रित फसलों का परंपरागत तरीका है।

पशुपालन भी इससे जुड़ा है। धान का पैरा ( ठंडल) मवेशियों को चराने के काम आता है। बैल खेतों में जुताई करते थे। यह सब एक दूसरे से जुड़ा है। फसलों की कटाई हाथ से हंसिए से की जाती है। ठंडल बहुत छोटे होते हैं और उन्हें जलाने की जरूरत नहीं पड़ती।

इससे मिट्टी की सेहत भी अच्छी होती है। इसके फसलों के ठंडल भूमि में सड़कर जैव खाद बनाते हैं, मिट्टी को उर्वर बनाते हैं। इसके साथ, फल्ली वाली फसलों की पत्तियां मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में सहायक हैं। किसानों का जाना-माना तरीका रहा है। मिट्टी को उर्वर बनाने के लिए मिश्रित खेती की पद्धतियां मददगार हैं। इस तरह की खेती देश के कई इलाकों में प्रचलित रही है।

उतेरा की फसलों का भूसा भी काफी पौष्टिक होता है,जिसे पशु बहुत पसंद करते हैं। यहां की संस्कृति में पशुपालन का काफी महत्व था। हालांकि इसमें ट्रेक्टर की खेती से कमी दिखाई देती है। लेकिन बिलासपुर जिले में जन स्वास्थ्य सहयोग ने कुछ गांवों में खेती में सामूहिक फैंसिंग की पहल की है, जिससे आवारा पशुओं व जंगली जानवरों से फसलों को नुकसान न पहुंचे।

बिलासपुर जिले के कोटा विकासखंड के करका, मानपुर और छपरवा गांव में सामूहिक तारबंदी का काम हुआ है, जिससे किसानों को रखवाली नहीं करनी पड़ती। इसके लिए सबसे पहले गांव में सामूहिक एकता बनाई गई। गांव में घर-घर से चंदा इकट्ठा किया गया। कुछ मदद सरकार से ली गई। श्रमदान किया गया। तब जाकर सामूहिक फैंसिंग का काम पूरा हुआ।

सामूहिक फैंसिंग की जरूरत इसलिए भी पड़ी, अगर हर किसान अपने खेत की बागुड़ करेगा तो बहुत खर्च आएगा, फिर इससे किसानों के खेतों में आवाजाही में भी बाधा आएगी। यह व्यावहारिक हल भी नहीं है। इसलिए संस्था ने गांव की जनभागीदारी से यह पहल की है, जिससे खेतों में फसल सुरक्षा भी हो सके और लोगों के खान-पान में पौष्टिकता व विविधता भी आ सके।

किसानों ने इस वजह से उतेरा की फसलें बोनी शुरू कर दी हैं। इससे भोजन में पौष्टिकता बढ़ेगी, हरी पत्तीदार सब्जियां ( तिवड़ा) मिलेगी, पशुओं को चारा मिलेगा। और मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ेगी।

इसके साथ, संस्था ने पौष्टिक अनाजों की खेती व देसी बीजों की खेती को भी बढ़ावा दिया है। संस्था के परिसर में मडिया, कांग, कोदो, कुटकी, सांवा जैसी फसलें उगाई जाती हैं, और किसानों को इन फसलों को बोने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

चूंकि संस्था स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करती है। यहां के डॉक्टरों का मानना है कि बीमारी का इलाज करने के साथ उसकी रोकथाम भी जरूरी है। उसके लिए पौष्टिक भोजन भी जरूरी है। संस्था ने इसके लिए कृषि व पशु स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया है, जिससे तहत पौष्टिक व देसी धान की खेती व पशुओं का इलाज किया जाता है। इसी के तहत यह अनूठी पहल की जा रही है।

परंपरागत खेती में अच्छी बात यह है कि इसमें लागत कम है या नहीं के बराबर होती है। देसी बीजों के संरक्षण पर इसमें जोर दिया जाता है। किसानों के पास धान व अन्य फसलों के देसी बीज उपलब्ध होते थे। अब इसमें कमी आई है, इसलिए संस्था ने इसके लिए बीज बैंक भी बनाया है, जिसके तहत किसानों को देसी बीज दिए जाते हैं और फसलों की तकनीक का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। जिससे नई तकनीकें भी शामिल हैं।

परंपरागत खेती में आत्मनिर्भरता होती है। किसानों का खुद का देसी बीज, गोबर खाद और मेहनत होती है और इसमें पीढ़ियों के पारंपरिक ज्ञान का उपयोग होता है। यह स्वावलंबी होती है। जबकि रासायनिक आधुनिक खेती में बीज, खाद और कीटनाशक सभी कुछ बाजार से खरीदा जाता है। इसमें किसान की लागत बढ़ती है, किसान परावलंबी होता है।

लेकिन पिछले कुछ समय से इसमें कमी आई है। अब बैलों की जगह ट्रेक्टर से जुताई व फसलों की कटाई हारवेस्टर से होने लगी है। इसमें ठंडल बड़े होते हैं और इसे दूसरी फसल बोने के लिए किसान ठंडलों को जलाते हैं। इससे प्रदूषण होगा और गर्मी की धान की फसल बोने से भूजल में कमी आएगी।

कुल मिलाकर, उतेरा की फसल बहुत ही उपयोगी है। हालांकि यह पहल छोटी है, पर इससे काफी कुछ सीखा जा सकता है। इससे किसानों को धान के साथ दलहन, तिलहन और अतिरिक्त उपज मिल जाती है। बारिश की नमी का उपयोग भी हो जाता है। दलहन व फली वाली फसलों से खेतों को नत्रजन भी मिलती है। भोजन के लिए चावल, दाल और सब्जियां मिल जाती हैं, जो छत्तीसगढ़ की खान-पान की संस्कृति भी है। यह खेती मिट्टी पानी के संरक्षण वाली है, जैव-विविधता व पर्यावरण का संरक्षण भी इससे होता है।

**परंपरागत खेती में अच्छी बात यह है कि इसमें लागत कम है या नहीं के बराबर होती है। देसी बीजों के संरक्षण पर इसमें जोर दिया जाता है। किसानों के पास धान व अन्य फसलों के देसी बीज उपलब्ध होते थे। अब इसमें कमी आई है, इसलिए संस्था ने इसके लिए बीज बैंक भी बनाया है, जिसके तहत किसानों को देसी बीज दिए जाते हैं और फसलों की तकनीक का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। जिससे नई तकनीकें भी शामिल हैं।**

## बीता सप्ताह

**21 जून**
- 2024 के चुनावी खर्च को लेकर एडीआर ने किया खुलासा कि भाजपा ने 1494 और कांग्रेस ने किए 620 करोड़ खर्च।
- स्वीस नेशनल बैंकों के आंकड़ों से पता चला कि स्विस बैंक में भारतीयों के 37600 करोड़ जमा है।
- राहुल गांधी ने एक आयोजन में कहा कि अंग्रेजी भाषा शर्म नहीं शक्ति है।
- बैंक धोखाधड़ी के मामलों में उद्योगपति रतुंलपुरी को दिल्ली की अदालत ने आरोप मुक्त कर दिया।

**22 जून**
- 21 जून को हिमालय की चोटियों से लेकर समुद्री पोतों तक देशभर में हुआ योग।
- अहमदाबाद विमान हादसे में एक्शन लेते हुए एयर इंडिया के 3 अफसरों को हटाया गया।
- नीरज चोपड़ा ने जीता पेरिस डायमंड लीग का खिताब।
- तुर्की के राष्ट्रपति रेसंप तैयप एर्दोगन और अर्मेनिया में प्रधानमंत्री निकोल पाशिनमान ने द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की।

**23 जून**
- अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर किया हमला।
- ईरान से 311 भारतीय नागरिकों को लेकर एक विशेष विमान दिल्ली पहुंचा। ऑपरेशन सिंधु के तहत।
- अत्याधुनिक युद्धपोत तमाल नौसेना में होगा शामिल।
- इजरायली सेना ने गाजा से तीन मृत बंधकों का शव लौटाया।

**24 जून**
- भारतीय हॉकी टीम के सदस्य ललित उपाध्याय ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से लिया सन्यास।
- अमेरिकी शोधकर्ताओं ने रखतरनाक फंगस से बनाई कैंसर की दवा।
- भारत-फ्रांस सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति फ्रांस के कैंप लारजैन, ला कावेलरी में जारी है।
- ईरान के समर्थन में आया रूस राष्ट्रपति पुतिन ने अमेरिकी हमलों की निंदा की।

**25 जून**
- सीजफायर शुरू होने के ढाई घंटे बाद टूटा ट्रंप का सीजफायर। ईरान ने इजरायल पर दागी मिसाइलें।
- ऑपरेशन सिंधु के तहत 326 और भारतीय नागरिक इजरायल से दिल्ली पहुंचे।
- शोध ने खोजा बचपन के दुर्लभ ब्रेन डेवलपमेंट डिसऑर्डर का जीन से संबंध।
- चीन के किंगदाओं में शंघाई, सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

**26 जून**
- भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन और अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सिओम 4 मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए।
- शिरोमणि अकाली दल नेता पूर्व मंत्री विक्रम सिंह मजेठिया अवैध संपत्ति मामले में गिरफ्तार।
- सीबीएसई ने 2026 में साल में दो बार कक्षा 10वीं की परीक्षा लेने का निर्णय लिया।
- 25 जून आपातकाल की 50वीं सालगिरह पर पीएम मोदी ने कहा कि लोकतंत्र का काला अध्याय है आपातकाल।

**27 जून**
- अंतरराष्ट्रीय स्तर के सुप्रसिद्ध हास्य कवि छत्तीसगढ़ के डॉ. सुरेन्द्र दुबे का निधन हो गया।
- शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में संयुक्त वक्तव्य में पहलगाम का जिक्र नहीं होने से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हस्ताक्षर नहीं किए।
- शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने।
- ऑपरेशन सिंधु के तहत 272 भारतीय ईरान से दिल्ली पहुंचे।

## गाजा में बीमार भूखे फिलिस्तीनियों की हत्याएं सबसे बड़ी मानवीय त्रासदी

■ असद मिर्जा

इजरायल-ईरान मिसाइल युद्ध ने जहां एक ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है, वहीं गाजा में निर्दोष और निहत्थे फिलिस्तीनियों की इजरायल द्वारा हत्या को लगभग अनदेखा किया गया। कथित तौर पर, अमेरिकी राहत संगठन द्वारा चलाये जा रहे सहायता केंद्रों या खाद्य केंद्रों के पास 450 फिलिस्तीनियों की हत्या की खबर आयी है। लेकिन तथाकथित इस्लामी देश और यहां तक कि भारत, जिसने हमेशा फिलिस्तीनी मुद्दों की वकालत की है, चुप है। सवाल यह है कि हम कब तक इजरायली सेना द्वारा भूखे फिलिस्तीनियों की इन क्रूर और अमानवीय हत्याओं को जारी रहने देंगे। पिछले 14 दिनों से ऐसा लग रहा है कि दुनिया गाजा को भूल गयी है। इन 14 दिनों के दौरान इजरायल रक्षा बल ( आईडीएफ) द्वारा निहत्थे फिलिस्तीनियों को गोली मारे जाने की कई रिपोर्टें सामने आयी हैं।

17 जून को, दक्षिणी गाजा में इजरायली सेना द्वारा अमेरिकी-इजरायली सहायता के वितरण के दौरान एक ही दिन में 70 फिलिस्तीनी मारे गये - विशेष रूप से खान यूनिस और राफा में।

डेली टाइम्स ऑफ इजरायल ने 25 जून को रिपोर्ट की कि गाजा में, इजरायली बलों ने (24 जून को 71 फिलिस्तीनियों को मार डाला, जिनमें कम से कम 50 लोग ऐसे थे जो सहायता प्राप्त करने की प्रतीक्षा कर रहे थे। मृतकों में कम से कम 27 लोग शामिल हैं जो मध्य गाजा में भोजन की प्रतीक्षा कर रहे नागरिकों पर इजरायली हमले में मारे गये, एक ऐसा हमला जिसमें दर्जनों लोग घायल भी हुए और एक राहत स्थल को एक फिलिस्तीनी अधिकारी ने 'मौत का खुला मैदान' कहा।

> **दक्षिणी शहर राफा में गवाहों ने कहा कि इजरायली सैनिकों ने गोलीबारी की, क्योंकि भीड़ जीएचएफ द्वारा संचालित एक अन्य खाद्य वितरण स्थल तक पहुंचने की कोशिश कर रही थी। दो गवाहों ने कहा कि वितरण स्थल से कई सौ मीटर दूर शाकौश क्षेत्र में हजारों फिलिस्तीनियों के इकट्ठा होने पर इजरायली सैनिकों ने गोलीबारी शुरू कर दी।**

कथित मौतों पर प्रतिक्रिया देते हुए, इजरायली रक्षा सेना ( आईडीएफ)ने बाद में कहा कि मध्य गाजा में नेत्ज़ारिम गलियारे में उसके सैनिकों के 'आसन्न' क्षेत्र में रात भर एक भीड़ की पहचान की गयी थी, जहां अमेरिका और इज़राइल समर्थित गाजा मानवतावादी फाउंडेशन ( जीएचएफ) सहायता समूह को भोजन वितरित करने के लिए जाना जाता है।

इस महीने की शुरुआत में, आईडीएफ ने फिलिस्तीनियों को स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे के बीच गाजा मानवतावादी फाउंडेशन साइटों की ओर जाने वाले मार्गों पर न जाने की चेतावनी दी थी, उन सड़कों को बंद सैन्य क्षेत्र बताया था। हालांकि, जीएचएफ ने विरोधाभासी रूप से संकेत दिया है कि यह उन घंटों के दौरान खुला हो सकता है।

मध्य गाजा में, तीन गवाहों ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि सेना ने तब गोलीबारी की जब लोग वादी गाजा के दक्षिण में सहायता ट्रकों की ओर पूर्व की ओर बढ़ रहे थे। 'यह एक नरसंहार था,' अहमद हलावा ने कहा। उन्होंने कहा कि टैंकों और ड्रोन ने लोगों पर गोलीबारी की, 'जब हम भाग रहे थे। कई लोग या तो शहीद हो गये या घायल हो गये।'

एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी, होसम अबूशाहदा ने कहा कि ड्रोन क्षेत्र के ऊपर उड़ रहे थे, भीड़ पर नज़र रख रहे थे, फिर जब लोग पूर्व की ओर बढ़ रहे थे, तो टैंकों और ड्रोन से गोलीबारी हुई। उन्होंने लोगों द्वारा भागने की कोशिश के दौरान एक 'अराजक और खूनी' दृश्य का वर्णन किया।

दक्षिणी शहर राफा में गवाहों ने कहा कि इजरायली सैनिकों ने गोलीबारी की, क्योंकि भीड़ जीएचएफ द्वारा संचालित एक अन्य खाद्य वितरण स्थल तक पहुंचने की कोशिश कर रही थी। दो गवाहों ने कहा कि वितरण स्थल से कई सौ मीटर दूर शाकौश क्षेत्र में हजारों फिलिस्तीनियों के इकट्ठा होने पर इजरायली सैनिकों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

हमास स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी किये गये आंकड़ों के अनुसार, मई के अंत से सहायता मांगते समय इजरायली गोलीबारी में कम से कम 450 लोग मारे गये और लगभग 3,500 घायल हुए। बचाव कर्मियों के अनुसार, कई घटनाएं जीएचएफ द्वारा संचालित स्थलों के पास हुईं।

सहायता वितरण में हमास को रोकने के लिए स्थापित अमेरिका और इजरायल समर्थित संगठन जीएचएफ ने मंगलवार को इजरायली सेना से शिकायत की कि वादी गाजा साइट की ओर जा रहे 'हमारे काफिलों पर इजरायली सैनिकों द्वारा संभावित उत्पीड़न' किया जा रहा है।

इजरायल ने कहा कि 79 मानवीय सहायता ट्रक सोमवार को केरेमशालोम और ज़िकिम क्रॉसिंग के माध्यम से गाजा पट्टी में प्रवेश कर गये, उसने वितरण स्थलों के पास संदिग्ध लोगों पर चेतावनी शॉट फायर करने की बात स्वीकार की है, लेकिन नागरिकों को निशाना बनाने या युद्ध के हथियार के रूप में भुखमरी का उपयोग करने से इनकार किया है, और हमास पर सहायता वितरण को हाईजैक करने और नागरिकों के बीच घुसने का आरोप लगाया है।

जेनेवा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रवक्ता थामीनअल-खेतन ने कहा, 'इजरायल ने मानवीय सहायता तंत्र का सैन्यीकरण कर दिया है।'

यह पूछे जाने पर कि क्या इजरायल खाद्य वितरण को हथियार बनाने का दोषी है, उन्होंने कहा, 'कानूनी निर्धारण न्यायालय द्वारा किया जाना चाहिए। लेकिन, नागरिकों के लिए खाद्य पदार्थों का हथियारीकरण, जीवन-निर्वाह सेवाओं तक उनकी पहुंच को प्रतिबंधित करने या रोकने के अलावा, एक युद्ध अपराध है और, कुछ परिस्थितियों में, अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अन्य अपराधों के तत्व भी बन सकते हैं।'

फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के प्रमुख ने भी जीएचएफ प्रणाली पर निशाना साधा। यूएनआरडब्ल्यूए प्रमुख फिलिप लाज़ारिनी ने बर्लिन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'नवनिर्मित तथाकथित सहायता तंत्र एक घृणित चीज़ है, जो हताश लोगों को अपमानित करती है। यह एक मौत का जाल है जो बचाने से ज़्यादा लोगों की जान ले लेता है।'

'यूएनआरडब्ल्यूए सहित मानवीय समुदाय के पास विशेषज्ञता है और उन्हें अपना काम करने और सम्मान और गरिमा के साथ सहायता प्रदान करने की अनुमति दी जानी चाहिए,' लाज़ारिनी ने कहा। 'गाजा पट्टी में भूखमरी की चुनौतियों का समाधान करने के लिए कोई अन्य विकल्प नहीं है।'

इज़राइल ने यूएनआरडब्ल्यूए पर हमास के गुर्गों को प्रश्रय प्रदान करने का आरोप लगाया है और इस वर्ष की शुरुआत में एजेंसी को इज़रायली धरती पर काम करने या अधिकारियों से संपर्क करने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

संयुक्त राष्ट्र और प्रमुख सहायता समूहों ने जीएचएफ के साथ सहयोग करने से इनकार कर दिया है क्योंकि उन्हें लगता है कि इसे इज़रायली सैन्य उद्देश्यों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया था। मार्च की शुरुआत में हमास के साथ पिछले युद्धविराम-बंधक समझौते के टूटने के बाद इज़रायल द्वारा पट्टी पर लगाये गये लगभग तीन महीने के नाकेबंदी के बाद जीएचएफ ने गाजा में 19 मई से काम करना शुरू किया है।


यह आश्चर्य की बात है कि तथाकथित इस्लामी देशों में से किसी ने न तो हत्याओं की गंभीर निंदा की है और न ही सहायता योजना ही बनायी है। इस्लामी देशों का सबसे बड़ा संगठन आईओसी अपने पड़ोस में ही मारे जा रहे मुसलमानों से ज़्यादा भारतीय मुसलमानों की दुर्दशा के बारे में चिंतित है। वेबसाइट ट्रुथआऊटडॉटऑर्ग में अपने लेख में दलिया अबू रमज़ान ने सही कहा है कि गाजा में मानवीय संकट सिर्फ एक मानवीय त्रासदी नहीं है,यह इस भूमि पर हर जीवित प्राणी के लिए एक व्यापक आपदा है। युद्ध की शुरुआत से ही, जानवरों को भी नहीं बख्शा गया है - घोड़ों और गधों को जानबूझ कर मार दिया जाता है और नष्ट कर दिया जाता है ताकि वे हमें चलने और जीवित रहने में मदद न कर सकें। जानवरों को जानबूझ कर निशाना बनाना आबादी को स्थिर करने और हमारी पीड़ा को बढ़ाने की एक व्यवस्थित रणनीति का हिस्सा है। ये जानवर, जो कभी हमारे जीवन का अभिन्न अंग और समर्थन का एक महत्वपूर्ण स्रोत थे, अब भूख और जानबूझ कर हत्या के कारण मौत के कगार पर हैं, दलिया ने लिखा।

## गहराई से समझना होगा अमेरिका-ईरान-इजरायल विवाद को

कई दिनों तक दुनिया यह अनुमान लगाती रही कि क्या अमेरिका इजरायल-ईरान हवाई युद्ध में शामिल होगा या नहीं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आखिरकार 22 जून को नाटकीय तरीके से ईरान को दी अपनी धमकियों पर अमल किया। ट्रम्प लगातार 'मैं यह कर सकता हूं, मैं ऐसा नहीं कर सकता' जैसी भ्रम फैलाने वाली बातें कर अनिश्चितता का माहौल बना रहे थे लेकिन उस दिन अमेरिकी वायु सेना और नौसेना ने बंकर बस्टर बम तथा टॉमहॉक मिसाइलों का उपयोग कर ईरान के फोर्डो, नतांज व इस्फ़हान परमाणु सुविधा केंद्रों पर हमला कर दिया। इजरायल-ईरान युद्ध में पहले से ही दोनों देशों में कई मौतें हो चुकी हैं और बुनियादी ढांचे को बहुत नुकसान पहुंच चुका है।

इसके तुरंत बाद ट्रम्प ने यह घोषणा करके शांति दूत के वस्त्र धारण कर लिए कि ईरान और इजरायल दोनों 12-दिवसीय संघर्ष के विराम के लिए सहमत होंगे जिसमें अमेरिका को शामिल होने के लिए मजबूर किया गया था। फिलहाल संघर्ष विराम जारी है।

हालांकि एक समय था जब अमेरिका मध्य पूर्व में ईरान के हमलों की जांच करने में असहाय था। इसकी शुरुआत 14 फरवरी 1979 को तेहरान दूतावास की घेराबंदी से हुई थी जब उनके 52 कर्मचारियों को एक वर्ष से अधिक समय तक बंधक बनाकर रखा गया था। उस अवधि के दौरान कोई भी बड़ी शक्ति, यहां तक कि इजरायल भी वाशिंगटन डीसी और अयातुल्ला रूहोल्लाह खुमैनी शासन के बीच मध्यस्थता करने में मदद करने को तैयार नहीं था।



वाप्पला बालाचंद्रन

> **1980 के दशक के दौरान ईरान ने अमेरिका को बार-बार झटका दिया जिससे उसे दबाव में बातचीत करने के लिए मजबूर होना पड़ा। 23 अक्टूबर 1983 को लेबनानी गृहयुद्ध में हस्तक्षेप के लिए पहुंचे अमेरिकी समुद्री जहाज 'पीसकीपर्स' को एक ईरानी आत्मघाती हमलावर इस्माइल अस्करी ने ट्रक बम से उड़ा दिया जिसमें 241 अमेरिकी नौसैनिक मारे गए। इस हमले में 18,000 पाउंड विस्फोटकों का इस्तेमाल किया गया था।**

अवर्गीकृत सोवियत दस्तावेजों से पता चला कि तब अफगानिस्तान के घटनाक्रम से चिंतित सोवियत नेतृत्व को यह भी डर था कि अमेरिका शाह राजशाही के पतन को रोकने के लिए सैन्य हस्तक्षेप करेगा।

यद्यपि मास्को को विश्वास था कि खुमैनी शासन अमेरिकी प्रभाव को समाप्त कर देगा। 1979 से तेहरान में तैनात केजीबी अधिकारी लियोनिद शेबर्शिन ने अपने संस्मरणों में कहा था कि उनके प्रमुख यूरी एंड्रोपोव को कोई भरोसा नहीं था कि खुमैनी क्रांति सोवियत योजनाओं के अनुसार आगे बढ़ेगी। शेबर्शिन ने यह भी दावा किया कि उनके पास सबूत हैं कि 24 अप्रैल 1980 को 'ऑपरेशन ईगल क्लॉ' के माध्यम से बंधकों को बचाने के लिए अमेरिका के असफल प्रयास में तेहरान में शासन परिवर्तन के लिए 'अधिक दूरगामी उद्देश्य' थे। क्या ट्रम्प अब ऐसा करने का प्रबंध करेंगे?

थॉमस एल. फ्रीडमैन (न्यूयॉर्क टाइम्स, 22 नवंबर, 1986) के अनुसार, इजरायल 1979 में खुमैनी सरकार से जुड़ने के लिए एक चैनल खोलने के लिए 'क्रांतिकारी तेहरान में ईरानी सेना के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों और क्रांतिकारी तेहरान के अन्य तत्वों' के साथ अपनी खुफिया जानकारी के माध्यम से संबंध बनाने में व्यस्त था। यह ईरानी यहूदियों को देश से बाहर निकालने के लिए 'निहित ईरानी सहयोग' हासिल करना था। फ्रीडमैन ने कहा कि -इजरायल के तत्कालीन प्रधानमंत्री मेनाचेम बिगिन ने तेहरान को थोड़ी मात्रा में हथियार व स्पेयर पार्ट्स भेजने शुरू किये। हालांकि उन्होंने कहा कि इजरायल के इस तर्क का अमेरिका समर्थन नहीं करता है कि 'वाशिंगटन को हथियारों के सारे हस्तांतरण के बारे में सूचित किया गया था और उसने इसका मौन रूप से अनुमोदन किया था'। फ्रीडमैन ने महसूस किया कि खुमैनी शासन के एक वर्ग के साथ इजरायल के संबंध ईरान में यहूदियों को चरमपंथियों के गुस्से से बचाने की एक 'सामरिक चाल' थी तथा '1980 के दशक के मध्य में अपने ईरानी सैन्य संपर्कों के 'विलुप्त हो जाने' से पहले कुछ उपयोगी खुफिया जानकारी हासिल कर सकते थे'।

29 जनवरी, 2025 को राणा नेजाद ने इसकी पुष्टि की थी जिन्होंने पहले द वाशिंगटन पोस्ट के साथ काम किया था। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड से पता चलता है कि दोनों देशों ने महसूस किया कि गुप्त संबंध बनाए रखना रणनीतिक रूप से फायदेमंद होगा। परिणामस्वरूप शाह मोहम्मद रजा पहलवी के पतन के बाद 'तेहरान ने सार्वजनिक रूप से इजरायल के अस्तित्व के अधिकार से इनकार कर दिया था', फिर भी ईरान और इजरायल प्रति वर्ष लाखों डॉलर के व्यापार में संलग्न रहे।

नेजाद के अनुसार इस गुप्त गठबंधन में कई कारणों का योगदान था। खुमैनी शासन को 'दुनिया की छठी सबसे बड़ी सेना, विदेशी भंडार में 26 अरब डॉलर, एक दिन में 105 लाख डॉलर का तेल उत्पादन करने वाला तेल उद्योग और इजरायल के साथ घनिष्ठ संबंध' विरासत में मिला था। इजिप्त के राष्ट्रपति गमाल नासिर और सोवियत संघ से सुरक्षा खतरों के कारण शाह ने इजरायल के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए थे। यद्यपि खुमैनी ने शाह की सेना को 60 प्रतिशत तक शुद्ध कर दिया लेकिन वे चाहते थे कि इस गुप्त गठबंधन को बनाए रखा जाए क्योंकि उन्हें सितंबर 1980 और अगस्त 1988 में लड़े गए ईरान-इराक युद्ध के दौरान इराक का सामना करने में इजरायल की मदद की जरूरत थी।

नेजाद का कहना है कि 1985 तक इजरायल सरकार और निजी हथियार डीलरों द्वारा बुक किए गए चार्टर्ड डेनिश मालवाहक जहाजों ने फारस की खाड़ी के माध्यम से बंदर अब्बास के ईरानी बंदरगाह तक अमेरिकी निर्मित हथियार ले जाने के लिए 600 से अधिक यात्राएं की थीं। 'जब तक युद्ध जारी रहा, इजरायल ने ईरानी सैन्य विमानों की उड़ानें जारी रखी और इजरायली सैन्य प्रशिक्षक इस्लामी गणराज्य के सेना कमांडरों को प्रशिक्षित करते रहे'।

इस संबंध में द टाइम्स ऑफ इजरायल ( 14 जून, 2024) ने राष्ट्रीय ईरानी अमेरिकी परिषद के संस्थापक और पूर्व अध्यक्ष त्रिता पारसी के हवाले से एक नया आयाम जोड़ा कि इजरायल ने 1981 के 'ऑपरेशन ओपेरा' से पहले ईरानियों से मूल्यवान खुफिया जानकारी प्राप्त की जो 'इराक की परमाणु महत्वाकांक्षाओं की आधारशिला' ओसिरक परमाणु रिएक्टर का विनाश का कारण बना था। चालीस साल बाद इजरायल अब ईरान की परमाणु परियोजनाओं को नष्ट करने की कोशिश कर रहा है।

1980 के दशक के दौरान ईरान ने अमेरिका को बार-बार झटका दिया जिससे उसे दबाव में बातचीत करने के लिए मजबूर होना पड़ा। 23 अक्टूबर 1983 को लेबनानी गृहयुद्ध में हस्तक्षेप के लिए पहुंचे अमेरिकी समुद्री जहाज 'पीसकीपर्स' को एक ईरानी आत्मघाती हमलावर इस्माइल अस्करी ने ट्रक बम से उड़ा दिया जिसमें 241 अमेरिकी नौसैनिक मारे गए। इस हमले में 18,000 पाउंड विस्फोटकों का इस्तेमाल किया गया था। एफबीआई ने इस विस्फोट को 'द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से पृथ्वी पर सबसे बड़ा गैर-परमाणु विस्फोट' निरुपित किया था। इसके कुछ मिनट बाद हुए एक और आत्मघाती बम विस्फोट में 58 फ्रांसीसी सैनिक मारे गए। नतीजतन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन को लेबनान से अमेरिकी नौसैनिकों को वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।

वर्षों बाद 26 सितंबर 1983 को या उसके आसपास अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनएसए) ने एक ऐसा संदेश पकड़ लिया था जिसमें ईरानी खुफिया मुख्यालय द्वारा दमिश्क में तत्कालीन ईरानी राजदूत अली अकबर मोहताशमी को एक मौखिक निर्देश था जिसमें उन्हें आतंकवादी समूह इस्लामिक अमल के नेता हुसैन मुसावी को अमेरिकियों के खिलाफ 'असाधारण कृत्य' करने का निर्देश देने के लिए कहा गया था। यह बात 2003 में अमेरिका में एक अदालत के मुकदमे के दौरान सामने आयी थी।

लेबनान गृहयुद्ध के दौरान 1982 में इस्लामिक जिहाद-हिजबुल्लाह ने लगभग 104 विदेशी नागरिकों का अपहरण कर लिया जिनमें ज्यादातर अमेरिकी और पश्चिम यूरोपीय नागरिक थे। इस 'बंधक संकट' ने अमेरिकी राष्ट्रपति रीगन को ईरान के साथ बातचीत करने के लिए मजबूर किया। बंधकों में सीआईए स्टेशन प्रमुख विलियम बकले और नौसेना कर्नल विलियम हिगिंस थे जिन्हें मौत के घाट उतार दिया गया था। इनमें से कुछ बंधकों की रिहाई 'ईरान-कॉन्ट्रा अफेयर' के विषय में थी जिसने रीगन प्रेसीडेंसी को इजरायल के माध्यम से ईरान को हथियार बेचने के लिए गुप्त रूप से सहमत होने और सैंडिनिस्टा विरोधी विद्रोहियों ( कॉन्ट्रास) को निधि देने के लिए मजबूर कर दिया जिसे अमेरिकी कांग्रेस ने 'बोलैंड संशोधन' के माध्यम से प्रतिबंधित कर दिया था। इसका उद्देश्य निकारागुआ सरकार का विरोध करने वाले विद्रोहियों को मिलने वाली सीआईए फंडिंग को रोकना था। 'बंधक घटना' ने रीगन सरकार को हिला दिया था।

ये सारी बातें ब्रिटिश राजनेता और राजनीतिज्ञ लॉर्ड पामर्स्टन के शब्दों को सही साबित करते हैं जिन्होंने कहा था कि 'एक राष्ट्र का कोई स्थायी मित्र या दुश्मन नहीं होता है, केवल स्थायी हित होते हैं'।

**( लेखक कैबिनेट सचिवालय के पूर्व विशेष सचिव हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस )**

# खेल जगत

## वेस्टइंडीज के सील्स पर लगा मैच का 15 प्रतिशत जुर्माना

**बारबाडोस।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईसीसी के आज एक बयान के अनुसार सील्स को खिलाड़ियों और उनके सहायक कर्मियों के लिए अपमानजक भाषा, क्रियाकलाप तथा हाव-भाव से आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन का दोषी पाया गया। इसके तहत उन पर मैच फीस के 15 प्रतिशत जुर्माने के अलावा अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया। यह पिछले 24 महीने की अवधि में उनका दूसरा अपराध है। यह घटना बुधवार को पहले टेस्ट मैच के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की पारी के 55वें ओवर में उस समय हुई जब कप्तान पैट कमिंस को आउट करने के बाद सील्स ने उन्हें पवेलियन की ओर इशारा किया।



## दूसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे जसप्रीत बुमराह!

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ भारत को दूसरे टेस्ट में जरूरत खुद पर भरोसा बनाए रखने की
■ शार्दूल की जगह भारत क्या नीतिश व कुलदीप में किसी को शामिल करेगा

**नई दिल्ली,** 27 जून (देशबन्धु)। भारत लीडस में इंग्लैंड के खिलाफ नई वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) साइकिल 2025-27 का लीडस में पांच टेस्ट मैचो की एंडरसन-तेंडुलकर ट्रॉफी का पहला लगभग जीता टेस्ट आधा दर्जन टपकाए कैचों के चलते पांच विकेट से हार चुका है। भारत के लिए अब एजबेस्टन में सीरीज का दूसरा टेस्ट जीत सीरीज में बराबरी पाने के लिए सबसे बड़ा सवाल यह है क्या उसके तुरुप के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह उसे उपलब्ध होंगे? वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते बुमराह इस टेस्ट सीरीज मे मात्र तीन टेस्ट के लिए उपलब्ध हैं और इनमें से वह लीडस में पहला टेस्ट खेल चुके हैं देखना अब अहम यह है कि शुक्रवार और शनिवार को अभ्यास में बुमराह का शरीर उनका कितना साथ देता है? बुमराह का शरीर उनका साथ देता है तो भारत उन्हें एजबेस्टन में सीरीज के दूसरे टेस्ट में भी खिलाना चाहेगा और उन्हें तीसरे टेस्ट के लिए आराम देकर उन्हें फिर सीरीज के चौथे टेस्ट में उतारना चाहेगा, जिससे की सीरीज जीवंत बनी रहे। दिलचस्प बात यह है कि लीडस में भारत की पहले टेस्ट की हार के बाद जब चीफ कोच गंभीर से बुमराह को दूसरे टेस्ट के लिए एकादश में उतारने की बाबत पूछा गया तो उनका जवाब था भारत जितनी ज्यादा क्रिकेट खेल रहा है उसके मद्देनजर यह ध्यान देना जरूरी है कि बुमराह का शरीर उनका कितना साथ देगा। गंभीर की बात से संकेत यही मिलता है वह बुमराह को लेकर बहुत जोखिम उठाने को तैयार नहीं है और वह उन्हें दूसरे टेस्ट के लिए आराम देने के ही मूड में नजर आते हैं। बुमराह के दूसरे टेस्ट में खेलने की बाबत अंतिम फैसला बुमराह का ही होगा। पहले टेस्ट में मिली हार के बावजूद भारत को दूसरे टेस्ट मे जरूरत खुद पर भरोसा बनाए रखने की होगी। भारत की ओर पहले टेस्ट में पांच शतक जड़े गए लेकिन इसके बावजूद उसे पहले टेस्ट में इसलिए हार झेलनी पड़ी क्योंकि आधा दर्जन कैच टपकाने के साथ उसका निचला क्रम जहां ताश के पत्तों की तरह ढह गया। वहीं इंग्लैंड के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने उपयोगी पारियां कर पहले टेस्ट की पहली पारी में उसे भारत के पहली पारी के स्कोर के बहुत करीब पहुंचाया। इंग्लैंड इसलिए पहले टेस्ट में 'नियोजित बाजलबॉल' खेल पाया क्योंकि अब इंग्लैंड की पिचें कहीं ज्यादा सपाट हो गई हैं। इंग्लैंड पहले टेस्ट की दूसरी पारी में जीत के लिए रखे 371 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम दिन पहले घंटे में धैर्य से खेला और दूसरे घंटे में खासतौर पर शतक जड़ने वाले बेरन डकेट ने दूसरे घंटे में गियर बदल कर उसे जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। अपनी चर्चित बाजबॉल शैली में दरअसल इंग्लैंड के बल्लेबाज आक्रामक तेवर अपना कर शुरू से ही दे दनादन कर अच्छी गेंदों पर भी प्रहार करने की कोशिश करते हैं। इंग्लैंड ने खासतौर पर पांचवे व अंतिम दिन शुरू के घंटे में संभल कर बल्लेबाजी करने के बाद लंच से पहले गियर बदल कर बल्लेबाजी की। सुनील गावसकर जैसे धुरंधर तक इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए शार्दूल ठाकुर को एकादश से बाहर रख कर बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव का एकादश में जगह देने की वकालत कर रहे हैं। वहीं भारत के बॉलिंग कोच मॉर्ने मॉकेल गेंद से बल्लेबाजी ऑलराउंडर नीतिश रेड्डी की मैजिक बॉल के कायल हैं। यदि बुमराह खुद दूसरे टेस्ट के लिए भारत की एकादश से बाहर रहने का फैसला करते हैं तो फिर भारत को अपने गेंदबाजी संयोजन की बाबत गंभीरता से सोचना होगा कि वह उनकी जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और पांच विकेट लेने के बावजूद पहले टेस्ट में खासे महंगे साबित हुए प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज के साथ उतरे।

## जयसूर्या, डिसिल्वा का कहर, बांग्लादेश हार की ओर

**कोलंबो,** 27 जून (एजेंसियां)। प्रभात जयसूर्या और धनंजय डिसिल्वा (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन बंगलादेश के दूसरी पारी में 115 रन के स्कोर पर छह विकेट झटक अपनी जीत सुनिश्चित कर ली है। श्रीलंका ने कल के दो विकेट पर 290 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह श्रीलंका का तीसरा विकेट सुबह के सत्र में पथुम निसंका के रूप में गिरा। पथुम निसंका ने 254 गेंदों में 19 चौकों की मदद से 158 रनों की पारी खेली। इसके थोड़ी देर बाद तैजुल इस्लाम ने कप्तान धनंजय डिसिल्वा (सात) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कुसल मेंडिस को छोड़कर श्रीलंका के अन्य बल्लेबाज बंगलादेश के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सके। प्रभात जयसूर्या (10) को नाहिद राणा ने आउट किया। सोनल दिनुशा (11), थरिंदु रत्नायके (10) रन बनाकर आउट हुये। कुसल मेंडिस ने 87 गेंदों में आठ चौके और दो छक्कों की मदद से (84) रनों की पारी खेली। श्रीलंका की पूरी टीम ने 116.5 ओवर में 458 रन बनाये और 211 रनों की बढ़त हासिल कर ली। बंगलादेश की ओर से तैजुल इस्लाम ने पांच और नईम हसन ने तीन विकेट लिये। नाहिद राणा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत एक बार फिर अच्छी नहीं रही और उसने 31 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिए।

## भारतीय महिला हॉकी टीम करो व मरो के डबल हेडर में चीन से भिड़ेगी



भारत चीन से पहला मैच आज और दूसरा व रिटर्न मैच 29 जून को बर्लिन में खेलेगी

**नई दिल्ली,** 27 जून (देशबन्धु)। आक्रामक मिडफील्डर सलीमा टेटे की अगुआई वाली भारतीय महिला हॉकी टीम के एफआईएच प्रो महिला हॉकी लीग 2024-25 को लगातार हार का सिलसिला तोड़ने के लिए चीन के खिलाफ करो व मरो के डबल हेडर में बर्लिन में भिड़ेगी। भारत चीन से पहला मैच 28 और दूसरा व रिटर्न मैच 29 जून को बर्लिन में खेलेगी। भारतीय महिला हॉकी अपनी पुरुष हॉकी टीम से प्रो लीग में आखिरी मैच में बबेल्जियम पर प्रेरणा लेकर प्रो लीग में अपना अभियान जीत के साथ समाप्त करने की कोशिश करेगी

भारत की पुरुष हॉकी टीम आठवें स्थान पर रह प्रो लीग के अगले सस्करण से बाहर हाने से बच गक्ष, फिलहाल चीन की महिलर हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में चौथे स्थान पर है जबकि भारत नौवे व आखिरी स्थान पर है।

वहीं इंगलैड की महिला टीम भारत से एक अंक ज्यादा ले आठवें स्थान पर है। भारत औफिलर इंग्लैंड की महिला टीमों को अपने अपने दो मच अभी और खेलने हैं। भारत की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा,'इस हफ्ते के आखिरी मे हमारे लिए यह बेहद अहम डबल हेडर है॥ हम अपनी पुरुष हॉकी टीम से प्रेरणा लेकर इस डबल हेडर में खेलने उतरेंगे। हमने प्रो लीग में खेलकर बहत कुछ सीखा और अपनी कमियो को जाना जिन्हें हम आगे दूर करने की कोशिश करेंगे। हम घर वापस लैटनशे पर अपने प्रदर्शन का आत्मावलोकन करेंगे। फिलहाल हमारा फोकस चीन के खिलाफ इन दोनों मैचों मे2 बढ़िया प्रदर्शनकरने पर है। भारत ने 2024 में बिहार में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में चीन को लीग मैच में 3-0 से तथा फाइनल में 1-0 से हराया था। वहीं भारत पिछली एफआईएच प्रो लीग मे चीन से 1-2 से हराया था। भारत की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, 'चीन हमारे लिए जाना पहचाना प्रतिद्वंद्वी है और हम उसकी क्षमता से वाकिफ हैं। चीन एक मजबूत टीम है उसे हाराना मुश्किल है लेकिन हम उसके खिलाफ अपनी ताकत से खेलेंगे।

## भारत-पाकिस्तान क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता की तुलना किसी से नहीं की जा सकती: रोहित शर्मा



**नई दिल्ली,** 27 जून (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रेमियों और खिलाड़ियों में उत्साह और चर्चा बेजोड़ है, क्योंकि दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता है। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ऐसे कई मैचों का हिस्सा रहे हैं और उन्होंने माना कि इन मुकाबलों से पहले का माहौल बेजोड़ होता है। टी20 विश्व कप 2024 में दोनों के बीच हुए मुकाबले को याद करते हुए रोहित ने कहा कि मैच से पहले का माहौल एक उत्सव जैसा था, जो उनके होटल से शुरू होकर स्टेडियम तक फैला हुआ था। भारत ने कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में छह रन से मैच जीता, जिसमें जसप्रीत बुमराह ने 3-14 के आंकड़े हासिल किए और प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। भारत बनाम पाकिस्तान मैच से पहले, हमें बताया गया कि कोई खतरा है - कुछ चल रहा है। इसलिए, मैच से दो दिन पहले, हमें होटल से बाहर निकलने की अनुमति नहीं थी। वहां से माहौल बनना शुरू हुआ। हम खाना ऑर्डर कर रहे थे, और होटल इतना भरा हुआ था कि आप मुश्किल से चल पा रहे थे। प्रशंसक, मीडिया - हर कोई वहां था। तब आपको एहसास होता है कि यह कोई आम मैच नहीं है - कुछ खास होने वाला है। रोहित ने जियो हॉटस्टार के विशेष कार्यक्रम 'चैंपियंस वाली फीलिंग फिर से' में कहा कि जैसे ही हम स्टेडियम के पास पहुंचे , यह पहले से ही जश्न जैसा लग रहा था - भारतीय प्रशंसक, पाकिस्तानी प्रशंसक, सभी नाच रहे थे और मौज-मस्ती कर रहे थे। मैंने अब तक भारत-पाकिस्तान के इतने सारे मैच खेले हैं - मैं गिनती भूल गया हूँ - लेकिन मैच से पहले की वह ऊर्जा, वह एहसास... यह हमेशा कुछ और ही होता है।

## राष्ट्रीय चयन ट्रॉयल में अनीश का डबल, एयर राइफल में नर्मदा जीती

**देहरादून,** 27 जून (एजेंसियां)। पूर्व विश्व चैंपियन और ओलंपियन अनीश भनवाला ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल (पुरुष) स्पर्धा में लगातार दो ट्रायल्स जीतकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि तमिलनाडु की नर्मदा नितिन ने 10 मीटर एयर राइफल (महिला) स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। यह प्रदर्शन नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स 3 और 4 के चौथे दिन देखने को मिला, जो ग्रुप 'ए' राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए त्रिशूल शूटिंग रेंज, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर में आयोजित किए जा रहे हैं। नर्मदा ने 24 शॉट के फाइनल में शांत और संतुलित प्रदर्शन करते हुए 253.7 का स्कोर हासिल किया और आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल की रजत पदक विजेता सोनम उत्तम मास्कर को 1.7 अंकों से हराया। दिल्ली की राजश्री अनिलकुमार ने 22 शॉट के बाद 230 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इससे पहले, महिला एयर राइफल स्पर्धा के सितारों से सजे क्वालिफिकेशन राउंड में नर्मदा ने 629.5 के स्कोर के साथ छठा स्थान प्राप्त किया था। वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडलिस्ट मेहुली घोष ने 632.2 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में टॉप किया, जो सोनम से महज 0.1 अंक ज्यादा था, जबकि राजश्री 631.9 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। छह सीरीज में 10-10 शॉट्स के आधार पर हुए क्वालिफिकेशन में श्रेया अग्रवाल (630.5), 50 मीटर 3पी टी4 विजेता विदर्शा के विनोद (630.3), अयोनिका पॉल (629.4) और ज्ञानेश्वरी जयवीर पाटिल (629.3) ने भी टी3 फाइनल लाइनअप में जगह बनाई। पुरुषों की 25 मीटर आरएफपी टी4 फाइनल में अनीश ने अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए 30 का स्कोर किया और लगातार दूसरा फाइनल अपने नाम किया। नेवी के प्रदीप सिंह शेखावत ने उन्हें कड़ी टक्कर दी लेकिन 29 अंकों के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि हरियाणा के अनीश के साथी आदर्श सिंह ने 23 शॉट्स के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।



■ दिल्ली की राजश्री अनिल कुमार ने 22 शॉट के बाद 230 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया

## चौथे पैरा एशियाई खिलाड़ियों के लिए 19.72 करोड़ रुपए मंजूर

**चंडीगढ़,** 27 जून (एजेंसियां)। हरियाणा सरकार ने 'चौथे पैरा एशियाई खेलों 2022' में भाग लेने वाले हरियाणा के 13 खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार के लिए 19.72 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मंजूर की है। इन पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में एथलेटिक्स खिलाड़ी हैनी को स्वर्ण पदक जीतने पर तीन करोड़ रुपए मिलेंगे। नितेश कुमार (पैरा बैडमिंटन) को स्वर्ण पदक जीतने पर तीन करोड़ रुपए और रजत पदक जीतने पर 1.5 करोड़ रुपये मिलेंगे। सरिता अधाना (पैरा तीरंदाजी) को रजत पदक जीतने पर 1.5 करोड़ रुपए मिलेंगे। पूजा, धर्मबीर, रिंकू, प्रमोद, योगेश कथुनिया, रामपाल और मोनू घनघस को रजत पदक जीतने पर क्रमशः 1.50 -1.50 करोड़ रुपये मिलेंगे। पैरा लॉन बॉल खिलाड़ी अंजू बाला, एथलेटिक्स खिलाड़ी जसबीर और कैनोइंग खिलाड़ी जयदीप को खेलों में भाग लेने की एवज में क्रमशः 7.50-7.50 लाख रुपए मिलेंगे। इसके अलावा, एथलेटिक्स खिलाड़ी प्रणव सूरमा, रमन शर्मा, सुमित और तरुण ढिल्लों को भी स्वर्ण पदक जीतने पर क्रमशः तीन-तीन करोड़ रुपए मिलेंगे

## सार संक्षेप

### जेडन सील्स पर लगा जुर्माना

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज के पहले मैच की पहली पारी में शानदार गेंदबाजी करने वाले कैरेबियाई तेज गेंदबाज जेडन सील्स पर उनकी मैच फीस के 15 प्रतिशत का जुर्माना लगाया गया है। उन्हें आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 का उल्लंघन करने के कारण एक डिमेरिट प्वाइंट भी मिला है। यह कार्रवाई ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिजटाउन में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन की घटना के कारण हुई। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि सील्स को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा, क्रिया या हाव-भाव का उपयोग करने या आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़काने से संबंधित है। इसके अलावा, सील्स के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जिसके लिए यह 24 महीने की अवधि में दूसरा अपराध था, जिससे 24 महीने की अवधि में उनके डिमेरिट अंकों की संख्या दो हो गई है।

### न्यूजीलैंड टीम में एडम मिल्ने की वापसी

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड ने अगले महीने जिम्बाब्वे में होने वाली टी20 त्रिकोणीय सीरीज के लिए एडम मिल्ने और बेवन जैकब्स को अपनी टीम में शामिल किया है, लेकिन टीम में केन विलियमसन और लॉकी फर्ग्युसन की गैरमौजूदगी रहेगी क्योंकि नए मुख्य कोच रॉब वॉल्टर 2026 टी20 विश्व कप की तैयारियां शुरु करना चाह रहे हैं। विलियमसन फिलहाल मिडिलसेक्स के साथ हैं और बाद में लंदन स्पिरिट के लिए हंड्रेड में खेलेंगे। उन्होंने इस दौरे के लिए खुद को अनुपलब्ध बताया है, जबकि फर्ग्युसन को वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया गया है। काइल जेमीसन भी टीम में नहीं हैं क्योंकि वह अपने पहले बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं और बेन सीयर्स को साइड इंजरी हुई है। मिल्ने ने आखिरी बार फरवरी 2024 में टी20 खेला था और टखने की सर्जरी के कारण पिछले विश्व कप में जगह बनाने से चूक गए थे।

## टी-20 मैचों में ओवर कटने के बाद पावरप्ले अब गेंदों की संख्या के आधार पर



■ यह नियम जुलाई से प्रभावी होंगे
■ नए नियमों के अनुसार आठ ओवर की पारी में अब 2.2 ओवर का पावरप्ले होगा

**दुबई,** 27 जून (एजेंसियां)। पुरुषों के टी20 के पावरप्ले नियमों में कुछ अहम बदलाव हुए हैं। अब अगर बारिश या किसी अन्य कारण से पारी के ओवर कम किए जाते हैं, तो पावरप्ले को ओवर की बजाय गेंदों के आधार पर तय किया जाएगा। वर्तमान नियमों के अनुसार 20 ओवर की पारी में शुरुआती छह ओवर पावरप्ले के होते हैं। नए नियमों के अनुसार आठ ओवर की पारी में अब 2.2 ओवर का पावरप्ले होगा। इसी तरह नौ ओवर की पारी में 2.4 ओवर का पावरप्ले होगा। ये नियम जुलाई से प्रभावी होंगे। ऊपर दिए गए आठ ओवर के उदाहरण में, तीसरे ओवर की दो गेंदों के बाद अंपायर संकेत देंगे, जिसके बाद तीन अतिरिक्त फील्डर सर्कल के भीतर से बाहर जा सकेंगे। यह नियम इंग्लैंड के टी20 ब्लास्ट टूर्नामेंट में कई सालों से उपयोग किया जा रहा है, जहां ओवर के बीच में पावरप्ले समाप्त होने से खिलाड़ियों या मैच अधिकारियों को कोई परेशानी नहीं होती है। टेस्ट क्रिकेट में ओवर-रेट पर नियंत्रण के लिए स्टॉप क्लॉक का उपयोग, नो-बॉल पर भी कैच की वैधता जांचना और घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में प्लेयर रिप्लेसमेंट की मंजूरी देना पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने की शर्तों में किए गए कुछ अन्य प्रमुख बदलाव हैं।

## असालंका बांग्लादेश के खिलाफ वनडे में श्रीलंका की अगुवाई करेंगे

**कोलंबो,** 27 जून (एजेंसयिां)। श्रीलंका ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। यह सीरीज 2, 5 और 8 जुलाई को खेली जाएगी। चरिथ असालंका टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि बल्लेबाज सदीरा समरविक्रमा की टीम में वापसी हुई है। समरविक्रमा ने अपना आखिरी वनडे पिछले साल नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। बांग्लादेश के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज में लगातार शतक जड़ने वाले दाएं हाथ के बल्लेबाज पथुम निसंका दोनों टीमों के बीच आगामी वनडे सीरीज में भी अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे। टीम के मुख्य खिलाड़ी कुसल मेंडिस, अविष्का फर्नांडो, वानिंदु हसरंगा और महेश थीक्षाना 50 ओवर की प्रतियोगिता में खेलने के लिए तैयार हैं। चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर रहे मिलन रत्नायके को वनडे टीम में शामिल किया गया है, हालांकि उनकी भागीदारी फिटनेस आकलन पर निर्भर करेगी।

## जॉन लुईस ने यूपी वॉरियर्स के मुख्य कोच की भूमिका छोड़ी



आप हमेशा वॉरियर्स परिवार का हिस्सा रहेंगे :

**नई दिल्ली,** 27 जून (एजेंसियां)। इंग्लैंड की महिला टीम से बाहर होने के महीनों बाद, जॉन लुईस ने अब महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में यूपी वॉरियर्स (यूपीडब्ल्यू) के मुख्य कोच के रूप में अपनी भूमिका छोड़ दी है। 2023 में लीग की शुरुआत से ही लुईस टीम के कोच थे और उनके नेतृत्व में, टीम उस सीजन में प्लेऑफ में पहुंची, लेकिन अंतिम चैंपियन मुंबई इंडियंस से हार गई। लेकिन 2024 के सीजन में, यूपीडब्ल्यू प्लेऑफ में प्रवेश करने में विफल रही क्योंकि वे अंक तालिका में चौथे स्थान पर रहे। डब्ल्यूपीएल 2025 में, भारत की ऑफ-स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा की अगुवाई में, नियमित कप्तान एलिसा हीली के घुटने की चोट के कारण अनुपलब्ध रहने के बाद, यूपीडब्ल्यू अंक तालिका में सबसे नीचे रही। शुक्रवार को फ्रेंचाइज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि पहले दिन से ही आपने हम पर भरोसा किया। उतार-चढ़ाव, सीख और बीच की हर चीज के लिए - दिल, शांति और विश्वास के साथ नेतृत्व करने के लिए कोच जॉन लुईस का शुक्रिया। आप हमेशा वॉरियर्स परिवार का हिस्सा रहेंगे।

## सिनर, जोकोविच एक ही हाफ में, सेमीफाइनल में हो सकती है भिड़ंत



■ नोवाक जोकोविच, विंबलडन के इतिहास में सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने 7 बार यह खिताब जीता

**लंदन,** 27 जून (एजेंसियां)। 2025 विंबलडन चैंपियनशिप के लिए ड्रॉ शुक्रवार को हुआ, और जानिक सिनर की पहली बार खिताब जीतने की चाहत सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच के साथ हैवीवेट सेमीफाइनल मुकाबले पर निर्भर हो सकती है, क्योंकि दोनों को एक ही हाफ में ड्रा किया गया है। एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी, सिनर, शुक्रवार की सुबह ड्रॉ के बाद, ग्रास-कोर्ट मेजर में अपने हमवतन लुका नारदी के खिलाफ शुरुआत करेंगे। 2018 के बाद से अपनी सबसे कम वरीयता (छठी) पर प्रतिस्पर्धा कर रहे जोकोविच, फ्रांसीसी एलेक्जेंडर मुलर के खिलाफ रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले आठवें विंबलडन खिताब के लिए अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। नोवाक जोकोविच, एक सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी, विंबलडन के इतिहास में सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने 7 बार यह खिताब जीता है। वहीं, जानिक सिनर एक युवा इतालवी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने हाल के वर्षों में शानदार प्रदर्शन किया है और विंबलडन में एक संभावित खतरा माना जा रहा है। इस साल, जोकोविच और सिनर दोनों को एक ही ब्रैकेट में रखा गया है, जिसका मतलब है कि वे सेमीफाइनल में एक-दूसरे से खेल सकते हैं। यह एक रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है, क्योंकि दोनों खिलाड़ी उच्च स्तर का टेनिस खेलने के लिए जाने जाते हैं। जोकोविच को ब्रिटिश नंबर 1 जैक ड्रेपर के साथ क्वार्टर फाइनल मुकाबले के लिए वरीयता दी गई है, जो अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज के खिलाफ शुरुआत करेंगे।

मई में फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में जोकोविच और सिनर का आमना-सामना हुआ था, जिसमें सिनर ने बाजी मारी थी। सिनर को रौलां गैरो के फाइनल में कार्लोस अल्काराज से हार का सामना करना पड़ा, पहले दो सेट जीतने के बाद पांच सेट के मैराथन में हार का सामना करना पड़ा। ड्रॉ के निचले हिस्से में, दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज का सामना 38 वर्षीय फैबियो फोगनिनी से होगा। 22 वर्षीय स्पैनियार्ड लगातार 18 मैचों की जीत की लय में हैं - जो उनके करियर की सबसे लंबी जीत है - और क्वार्टर फाइनल में उनका सामना आठवें वरीय होल्गर रूण से हो सकता है।दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी और तीन बार के मेजर फाइनलिस्ट अलेक्जेंडर ज्वेरेव, जो आर्थर रिंडरकनेच के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगे, उन्हें क्वार्टर फाइनल में टेलर फ्रिट्ज से भिड़ना है। पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी का सामना अपने पहले मैच में बड़ी सर्विस करने वाले जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड से होगा और वह ज्वेरेव से 8-5 से आगे हैं।

## एथलेटिक क्लब और बार्सिलोना के बीच निको विलियम्स को लेकर बढ़ा टकराव



**मैड्रिड,** 27 जून (एजेंसियां)। एथलेटिक क्लब और एफसी बार्सिलोना के बीच जोरदार टकराव चल रहा है, क्योंकि बार्सिलोना स्पेन के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विंगर निको विलियम्स को अपनी टीम में शामिल करना चाहता है। बार्सिलोना लगातार दूसरी गर्मियों में विलियम्स को साइन करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन एथलेटिक क्लब अपने स्टार खिलाड़ी की बिक्री पर बातचीत करने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में बार्सिलोना के पास खिलाड़ी के कॉन्ट्रैक्ट में तय की गई 58 मिलियन यूरो (करीब 68 मिलियन अमेरिकी डॉलर) के रिलीज क्लॉज को एक्टिव करने का ही रास्ता बचा है। बार्सिलोना के लिए यह भी मुश्किल है, क्योंकि ला लीगा में वित्तीय नियम (फाइनेंशियल फेयर प्ले) बहुत सख्त हैं। डैनी ओल्मो को केवल तभी खेलने की छूट दी गई जब क्लब ने स्पेन की सुपीरियर स्पोर्ट्स कमेटी से अपील की, और यह स्पष्ट नहीं है कि क्या क्लब अब खिलाड़ियों को हटाए बिना नए खिलाड़ियों को साइन करने की वित्तीय स्थिति में है। इसी बीच बार्सिलोना के स्पोर्टिंग डायरेक्टर डेको ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था कि विलियम्स खुद एथलेटिक क्लब को बता चुके हैं कि वे बार्सिलोना आना चाहते हैं। इस बयान से एथलेटिक क्लब नाराज हो गया और उन्होंने ला लीगा और स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन से बार्सिलोना की आर्थिक स्थिति की जांच करने को कहा। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इस पर बार्सिलोना के प्रेसिडेंट जोआन लापोर्ता भड़क गए और कहा कि एथलेटिक क्लब को अपनी ही चिंता करनी चाहिए।

आपातकाल की 50वीं बरसी पर बोले सिंधिया

# कांग्रेस की कुर्सी हिलने लगी तो इंदिरा गांधी ने लगाया आपातकाल

- 25 जून 1975 का दिन भारत के इतिहास में काले अक्षरों में दर्ज किया जाएगा
- यह वो रात है जिसे कोई भी देशवासी भुला नहीं सकता

**गुना, देशबन्धु।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना में आपातकाल की 50वीं बरसी पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा संसद में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंधिया ने कहा कि 25 जून 1975 का दिन भारत के इतिहास में काले अक्षरों में दर्ज किया जाएगा। यह वो रात है जिसे कोई भी देशवासी भुला नहीं सकता। क्योंकि इस दिन कांग्रेस पार्टी की कुर्सी हिल रही थी, और सत्ता के नशे में हमारे चुने हुए जनप्रतिनिधियों को काल कोठरी में डाल दिया गया था। सिंधिया ने बताया कि उस दौर में इंदिरा इज इंडिया को जो नारा निकला था वो कांग्रेस पार्टी के घमंड की पराकाष्ठा थी।




## राजमाता ने आपातकाल में अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाई

कार्यक्रम में बोलते हुए मंत्री सिंधिया ने आपातकाल के दौरान अपनी दादी और जनसंघ की संस्थापक राजमाता विजयाराजे सिंधिया के संघर्षों का भी जिक्र किया। सिंधिया ने बताया कि राजमाता ने जयप्रकाश नारायण एवं अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं के साथ आपातकाल के विरोध में आवाज उठाई थी। सिंधिया ने कहा कि उन्हें मीसाबंदी के तहत तिहाड़ जेल में बंद कर दिया गया था, जहां पर उन्हें एक छोटे से बदबूदार कमरे में यातनाएं दी गई। लेकिन वे डरी नहीं और उन्होंने इन अत्याचारों का डटकर मुकाबला किया। सिंधिया ने आगे बताया कि आरएसएस जैसे तमाम विपक्षी संगठनों ने आपातकाल का विरोध किया, हमारे वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी आपातकाल के विरोध में देशभर में पर्चे बांटे थे। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को इस अध्याय के बारे में जरूर जानना चाहिए ताकि वह दौर वापस कभी न आए।

आज 50 साल बाद भी कांग्रेस पार्टी की शैली और विचारधारा नहीं बदली। जहां भाजपा की विचारधारा नेशन फर्स्ट जबकि कांग्रेस की विधारधारा पार्टी और लीडर फर्स्ट की है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम उस काले दौर को याद कर रहे हैं, जब कांग्रेस ने लोकतंत्र के चारों स्तंभों को कुचलने का प्रयास किया। प्रेस की स्वतंत्रता पर ताला जड़ा गया और विपक्ष के नेताओं को जेलों में डाला गया। इंडिया गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, जो आज कांग्रेस के साथ मंच साझा कर रहे हैं, वे भी कभी उसी इमरजेंसी के दौरान कांग्रेस की जेलों में बंद किए गए थे।

## कांग्रेस ने ही बाबा साहेब का अपमान किया

सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान और बाबा साहेब अंबेडकर का नाम खूब लेती है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में कांग्रेस पार्टी ने ग्वालियर में संविधान और बाबा साहेब की मूर्ति को लेकर सत्याग्रह किया था, लेकिन उसी कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहेब अंबेडकर को मंत्री पद छोडने के लिए मजबूर किया था। सिंधिया बोले कांग्रेस ने उनके खिलाफ उम्मीदवार खड़ा करके उन्हें चुनाव में हरवाने का काम भी किया था।

# श्रेय की राजनीति को लेकर बोले, जनता सब जानती है

**गुना, देशबन्धु।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुरुवार को ग्वालियर-बेंगलुरु ट्रेन से गुना पहुंचे, यह ट्रेन पहली बार गुना के लिए शुरू हुई है। इस नई सेवा से गुना निवासियों को सीधे बेंगलुरु जाने की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए सिंधिया ने गुना संसदीय क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया।

सिंधिया ने बताया कि ग्वालियर-गुना लाइन का विद्युतीकरण और दोहरीकरण प्राथमिकता के आधार पर किया गया है। इसके अलावा, गुना-अशोकनगर मार्ग पर दो नए रेलवे ओवरब्रिज निर्माणाधीन हैं, जो बजरंग दल रोड पर पहले से बने ओवरब्रिज की तरह गुना और आरोन के बीच महत्वपूर्ण सेतु का काम करेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के निरंतर विकास और डबल इंजन की सरकार के साथ गुना संसदीय क्षेत्र के प्रगति पर भी प्रकाश डाला। ट्रेन में अपने सफर के अनुभव को साझा करते हुए सिंधिया ने कहा कि जब वे ट्रेन में सफर करते हैं तो देश की नब्ज के साथ जुड़ते हैं। उन्होंने इस ट्रेन की उपयोगिता का अंदाजा इस बात से लगाया कि महज 2 बजे तक ही 300 से अधिक टिकट बिक गए थे। ट्रेनों के विस्तार के बाद श्रेय की राजनीति को लेकर पूछे गए एक सवाल पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्पष्ट रूप से कहा, जनता सब जानती है। उनके इस बयान ने यह संकेत दिया कि वे विकास कार्यों के श्रेय को लेकर होने वाली राजनीतिक खींचतान को महत्व नहीं देते। सिंधिया ने श्रीमंत माधवराव सिंधिया विद्युत सिंचाई परियोजना के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण परियोजना के तहत शिवपुरी से लेकर राजगढ़ तक 6 बांध बनाए जाएंगे, जिससे लगभग 5 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। सिंधिया के अनुसार, इस परियोजना के बाद यह पूरा क्षेत्र पंजाब की तरह कृषि के क्षेत्र में विकसित हो जाएगा। जनसुनवाई कार्यक्रमों के बारे में बात करते हुए सिंधिया ने कहा कि यह कार्यक्रम इतना प्रभावी है कि लोगों की समस्याओं का तुरंत निराकरण हो रहा है। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के लिए टोकन सिस्टम निर्धारित कर दिया गया है, जिससे शिकायत की निगरानी भी हो रही है। ग्वालियर में चल रहे एमपीसीएल क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर भी सिंधिया ने चर्चा की। बुधवार को चंबल की हार के संदर्भ में उन्होंने कहा कि खेल में किसी की हार-जीत नहीं होती। यह दर्शाता है कि वे खेल को सिर्फ प्रतिस्पर्धा के रूप में नहीं बल्कि उससे बढ़कर देखते हैं।

# दूषित पानी से हैजा फैलने की आशंका, 2 लोगों की मौत

**गुना, देशबन्धु।** जिले की बमौरी क्षेत्र स्थित मुहाल कॉलोनी में दूषित पानी पीने से हैजा फैलने की आशंका है। पिछले 5 से 7 दिनों में 20 से अधिक लोग उल्टी-दस्त से पीड़ित हुए हैं, जिनमें से दो लोगों की मौत हो चुकी है। ग्रामीणों का दावा है कि यह सभी हैजा से पीड़ित हैं।मृतकों में मुहाल कॉलोनी की हउसा बाई फोर और पठार बस्ती मुहाल कॉलोनी की रामप्यारी सहरिया शामिल हैं। दोनों की मौत अस्पताल ले जाते समय हुई। फिलहाल, 7 से 8 लोग निजी अस्पतालों में भर्ती हैं, जबकि कुछ लोग शासकीय अस्पताल के आईसीयू में जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पीड़ितों में एक छोटा बच्चा भी शामिल है, जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में पानी की टंकी से सप्लाई होती है, जिसकी लंबे समय से सफाई नहीं हुई है। आशंका है कि इसी टंकी में गंदा पानी मिल जाने से यह संक्रमण फैला है। फिलहाल लगभग 10 लोग जिला अस्पताल में भर्ती, जिनका उपचार कराया जा रहा है। अब तक प्रशासन की टीम गांव में नहीं पहुंची है। ग्रामीणों ने बताया कि बीमार लोगों में सबसे ज्यादा व्यस्क शामिल हैं। आशंका है कि धीरे-धीरे बच्चे भी बीमारी की चपेट में आ सकते हैं। वहीं निजी अस्पतालों में भर्ती लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता का आरोप

# म्याना चौराहे पर गटर की दीवार धंसी, ग्रामीणों ने लगाया लापरवाही का आरोप



**गुना, देशबन्धु।** म्याना चौराहे पर लंबे इंतजार के बाद हुए गटर निर्माण में पहले ही दिन बड़ी खामी सामने आई है। ग्रामीणों की लगातार मांग पर ग्राम पंचायत द्वारा बनाया जा रहा यह गटर कल ही बनकर तैयार हुआ था, लेकिन आज सुबह ही इसकी एक साइड की दीवार धंस गई। इस घटना से स्थानीय ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है और वे ग्राम पंचायत पर निर्माण कार्य में लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। म्याना चौराहे पर गटर की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी, और जब यह मांग पूरी हुई तो ग्रामीणों में खुशी थी। हालांकि, सिर मुड़ाते ही ओले पड़े वाली कहावत चरितार्थ करते हुए, यह नव-निर्मित ढांचा पहले ही दिन धराशायी हो गया।

**मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग**

दीवार धंसने से न केवल सरकारी धन के दुरुपयोग का सवाल खड़ा हुआ है, बल्कि ग्रामीणों के बीच सुरक्षा को लेकर भी चिंताएं बढ़ गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता किया गया है, जिसके कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने ग्राम पंचायत से इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही, ग्रामीणों ने गटर का पुनः निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ कराने पर जोर दिया है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## सार-समाचार

### कैंट पुलिस ने 12 घंटों में दस्तयाब की नाबालिग

**गुना, देशबन्धु।** कैंट थाना पुलिस ने लापता नाबालिग को महज 12 घंटों में दस्तयाब कर लिया है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 25-26 जून की मध्यरात कैंट थाना क्षेत्र से 15 वर्षीय एक नाबालिग लडकी के घर पर किसी को बिना बताए कहीं चले जाने पर लड़की की मां की ओर से उसके गुम होने संबंधी रिपोर्ट दिनांक 26 जून को कैंट थाने पर की गई थी, जिस पर से कैंट थाने में अपराध क्रमांक 688/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। कैंट थाना पुलिस द्वारा अपहृता की सरगर्मी से तलाश की गई और इस हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया साथ ही विभिन्न तकनीकि संसाधनों की मदद लेकर सभी संभावित जगहों पर अपहृता को खोजने के सघन प्रयास किए गए। जिसके परिणाम स्वरूप दिनांक 26 जून को ही महज 12 घंटों के भीतर ही कैंट थाना पुलिस ने प्रकरण में अपहृत नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर लिया गया। कैंट थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, उपनिरीक्षक चंचल तिवारी, प्रधान आरक्षक लखन किरार, प्रधान आरक्षक विपिन ओझा एवं महिला आरक्षक धनकुंवर जाटव की सराहनीय भूमिका रही है।

### बजरंगगढ़ क्षेत्र का मामला: सर्पदंश से महिला की मौत

**गुना, देशबन्धु।**बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के गेहूंखेड़ा गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां सर्पदंश से 55 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। मुन्नीबाई पत्नी नारायण आदिवासी नाम की यह महिला गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात खेत में बोबनी के लिए रखे बीज की रखवाली कर रही थीं।यह घटना रात करीब 9 बजे हुई, जब बारिश शुरू हुई और मुन्नीबाई बीज को तिरपाल से ढककर उसी के नीचे बैठी थीं। इसी दौरान वहां छिपे एक सांप ने उन्हें डस लिया। सांप के काटने के बाद परिजन घबरा गए और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन तेज बारिश के कारण खेत में ट्रैक्टर कीचड़ में फंस गया। बताया जा रहा है कि परिजनों ने पहले मुन्नीबाई को ग्राम बोरखेड़ा ले जाकर झाड़-फूंक करवाई, जिसमें काफी समय बर्बाद हो गया। जब उनकी तबियत बिगडने लगी, तब जाकर उन्हें गुना जिला अस्पताल लाया गया।

महिला को रात 2 बजे अस्पताल लाया गया, लेकिन शुक्रवार सुबह 8 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने महिला का पोस्टमार्टम करवाकर मर्ग कायम कर लिया है। इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश के प्रति जागरूकता और समय पर चिकित्सा सहायता के महत्व को रेखांकित किया है। परिजनों ने पहले मुन्नीबाई को ग्राम बोरखेड़ा ले जाकर झाड़-फूंक करवाई, थी उससे काफी समय का नुकसान हुआ यही भी कारण हो सकता है।

**15 दिनों के अभियान में नशे के कारोबार पर गुना पुलिस का प्रहार**

# 56 लाख के मादक पदार्थ जब्त, 49 आरोपियों पर दर्ज किए मुकदमे

**गुना, देशबन्धु।** पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार 12 जून से 26 जून 2025 तक पूरे प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत गुना जिले में पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के कुशल निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी, क्रय-विक्रय और उपभोग में लिप्त माफियाओं, तस्करों, कारोबारियों आदि पर ताबड़तोड़ कार्यवाहियां करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई है। इस विशेष अभियान के तहत जिले के अलग-अलग थानों में पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए एनडीपीएस एक्ट के कुल 30 प्रकरण दर्ज किए गए जिनमें 49 आरोपियों से 36,03,000 रुपए के अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में प्रयुक्त 19,60,000 रुपए मूल्य की 10 मोटर साइकिलें व 01 कार जप्त की गई है । इस प्रकार



अंकित सोनी, एसपी

अभियान के तहत गुना पुलिस द्वारा कुल 55 लाख 63 हजार 400 रुपए का मसरूका अवैध मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय तस्करी आदि में संलिप्त आरोपियों से जप्त किया गया है ।

जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की गई कार्यवाहियों में स्मैक के कुल 08 प्रकरणों में 15 आरोपियों से 198.76 ग्राम स्मैक कीमती 19,36,400 रुपए और स्मैक तस्करी में प्रयुक्त पांच मोटर साइकिलें कीमती 5,20,000 रुपए सहित कुल 24,56,400 रुपए का मशरूका तथा गांजा के कुल 15 प्रकरणों में 26 आरोपियों से 50.380 ग्राम गांजा कीमती 16,07,000 रुपए और गांजा तस्करी में प्रयुक्त 05 मोटर साइकिलें व 01 कार कीमती 14,40,000 रुपए सहित कुल 30,47,000 रुपए का मशरूका एवं डोडाचूरा के 01 प्रकरण में 12.290 किलोग्राम डोडाचूरा कीमती 60,000 रूपये का बरामद किया गया है। इसके अतिरिक्त स्मैक व गांजे का उपभोग करते हुए 06 नशेड़ी गिरफ्तार कर जिन्हें नशा सामग्री उपलब्ध कराने वाले सहित कुल 07 आरोपियों के विरुद्ध 06 प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

इस प्रकार अभियान के तहत गुना पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के कुल 30 प्रकरणों में 49 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही कर कुल 36,03,400 रुपए के अवैध मादक पदार्थ एवं 19,60,000 रुपए के वाहन सहित कुल 55,63,400 रुपए का माल-मशरूका बरामद किया गया है।

### जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने बताया कि यह विशेष अभियान गुना जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है। नशा समाज को खोखला करता है और इसके विरुद्ध कार्यवाही गुना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की नशीली गतिविधि की जानकारी प्राप्त होती है, तो उसे तत्काल पुलिस को सूचित कर नशा मुक्त जिला बनाने के इस अभियान में सहभागी बनें।

# बुजुर्ग ने मंडी की जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ शुरू की भूख हड़ताल



**गुना, देशबन्धु।** गुना में मंडी की जमीन पर पूंजीपतियों द्वारा किए गए कथित अतिक्रमण के विरोध में राजेंद्र सिंह जाट (निवासी राधा कॉलोनी) जयस्तंभ चौराहे पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। उनका आरोप है कि मंडी प्रशासन ने भेदभावपूर्ण तरीके से कार्रवाई करते हुए केवल उनकी छोटी गल्ला दुकान का अतिक्रमण हटाया, जबकि धनाढ्य व्यापारियों द्वारा किए गए बड़े अतिक्रमणों को नजरअंदाज कर दिया।

राजेंद्र सिंह जाट का कहना है कि वे मंडी प्रांगण में एक छोटी गुमठी रखकर अपना व्यवसाय चला रहे थे, जिसे मंडी प्रशासन ने पक्षपातपूर्ण तरीके से हटा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि धन्नासेठों ने मंडी की जमीन पर व्यापक अतिक्रमण कर रखा है, जिसे प्रशासन द्वारा छुआ तक नहीं गया।

**धनाढ्य व्यापारियों द्वारा किए गए बड़े अतिक्रमणों को नजरअंदाज किया**

श्री जाट ने मध्य प्रदेश आंचलिक कार्यालय, मध्य प्रदेश कृषि विपणन बोर्ड के संचालक से भी धनाढ्य व्यापारियों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण की शिकायत की है। उन्होंने दृढ़ संकल्प व्यक्त करते हुए कहा है कि जब तक उनके शरीर में जान रहेगी, तब तक वे अपनी हड़ताल जारी रखेंगे। उनकी मुख्य मांग है कि मंडी की जमीन पर पूंजीपतियों द्वारा किए गए सभी अतिक्रमणों को हटाया जाए और मंडी प्रशासन की कथित पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की जांच की जाए।

भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का लगाया आरोप

# विद्यार्थी परिषद ने तात्या टोपे विश्वविद्यालय में की नारेबाजी



**गुना, देशबन्धु।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने आज, शुक्रवार को तात्या टोपे विश्वविद्यालय में कथित भ्रष्टाचार और जारी अनियमितताओं के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। छात्र संगठन ने विश्वविद्यालय प्रशासन को कड़ी चेतावनी दी है कि यदि पांच दिनों के भीतर छात्रों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो एबीवीपी अपने आंदोलन को और तेज करेगा। प्रदर्शनकारी छात्रों के अनुसार, तात्या टोपे विश्वविद्यालय को बने लगभग दो साल हो चुके हैं, लेकिन अभी तक इसमें पुस्तकालय जैसी आवश्यक सुविधाएँ और उचित बुनियादी ढांचा (इंफ्रास्ट्रक्चर) उपलब्ध नहीं है। छात्रों ने उच्च शुल्क वसूलने पर गंभीर चिंता व्यक्त की, जबकि बदले में उन्हें कथित तौर पर परीक्षा में पारदर्शी और घटिया गुणवत्ता वाली उत्तर पुस्तिकाएँ दी जाती हैं। इन्हीं चिंताओं को आवाज देते हुए, एबीवीपी सदस्यों ने आज पुरजोर प्रदर्शन किया। उन्होंने कथित तौर पर कुलपति के चैंबर पर लापता के पोस्टर लगाए और कुलपति भ्रष्टाचारी है जैसे नारे लगाए। एबीवीपी का यह विरोध विश्वविद्यालय के प्रबंधन और पर्याप्त संसाधन और सुविधाएँ प्रदान करने में उसकी विफलता के प्रति छात्रों के बढ़ते असंतोष को उजागर करता है, जबकि वह भारी शुल्क वसूल रहा है। अगले पांच दिन यह देखने के लिए महत्वपूर्ण होंगे कि विश्वविद्यालय प्रशासन इस अल्टीमेटम पर क्या प्रतिक्रिया देता है।

जिंदगी कभी-कभी ऐसे चमत्कार दिखाती है, जिन पर यक़ीन कर पाना मुश्किल होता है

# 15 साल बाद घर लौटे संदीप कुमार, परिवार की आंखों में छलके खुशी के आंसू

**गुना, देशबन्धु।** जिंदगी कभी-कभी ऐसे चमत्कार दिखाती है, जिन पर यक़ीन कर पाना मुश्किल होता है। ऐसा ही एक चमत्कारी पल उत्तर प्रदेश के बिजनौर ज़िले के खानपुर गांव में देखने को मिला, जब 15 साल से लापता संदीप कुमार आखिरकार अपने परिवार से मिल गए। संदीप कुमार, जो 15 साल पहले रहस्यमय तरीके से लापता हो गए थे, हाल ही में मध्यप्रदेश के गुना ज़िले में जिला प्रशासन की घर वापसी मुहिम के तहत मुक्त कराए गए। मई माह में हुए इस विशेष अभियान में कुल 47 लोगों को रिहा कराया गया था, जिनमें संदीप भी शामिल थे। समाजसेवी प्रमोद भार्गव जो मानसिक बीमार लोग जो लोगो के पास बंधक है उन्हें जिला प्रशासन के साथ मिलकर बंधन्मुक्त करा रहे है, उनने बताया कि संदीप को सबसे पहले अपना घर आश्रम, शिवपुरी में रखा गया, जहां उन्हें दवा और इलाज की सुविधा दी गई। कुछ समय बाद उन्हें भरतपुर स्थित आश्रम में स्थानांतरित किया गया, जहां से उनके परिवार का पता लगाया गया। संपर्क स्थापित होते ही संदीप के परिजन आश्रम पहुंचे और भावुक माहौल में उन्हें अपने साथ लेकर गए। थाना मण्डावर क्षेत्र के ग्राम खानपुर ज़िला बिजनौर निवासी



संदीप के चाचा दिलीराम जो राष्ट्रपति सुरक्षा दल में सेवा दे चुके हैं, ने बताया कि परिवार ने उन्हें ढूंढने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। इतने वर्षों बाद संदीप को सकुशल देखना किसी सपने से कम नहीं है। उन्होंने कहा, हमने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी, लेकिन यह दिन देखना हमारे लिए किसी चमत्कार से कम नहीं। इस अभियान के सफल संचालन के पीछे गुना जिला प्रशासन की अहम भूमिका रही है। जिलाधिकारी किशोरकान्याल पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी श्रम अधिकारी आशीष तिवारी के एसडीएम रवि मालवीय और समाजसेवी प्रमोद भार्गव सहित कई अधिकारी और कर्मचारी इस प्रयास में लगे रहे। विशेष रूप से अपना घर आश्रम, शिवपुरी के अध्यक्ष श्री रमेश अग्रवाल और गौरव जैन का उल्लेखनीय योगदान रहा, जिन्होंने न केवल संदीप बल्कि सैकड़ों जरूरतमंदों को सहारा और सम्मानजनक जीवन प्रदान किया है। प्रमोद भार्गव का कहना है कि जल्द ही यह मुहिम और बड़े स्तर पर चलाई जाएगी, ताकि कोई भी व्यक्ति वर्षों तक अपने घर और परिवार से दूर न रहे।

# ताप्ती तीरे

## सार-समाचार

### ग्रामीण आजीविका मिशन संघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने दिलीप हाथिए



**बैतूल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला बैतूल के अधिकारी/ कर्मचारी संघ की वर्चुअल बैठक शुक्रवार 27 जून को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुई। इस बैठक में संघ की नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। अध्यक्ष पद के लिए सहायक विकासखंड प्रबंधक दिलीप हाथिए को सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से चुना। सचिव पद पर शैलेंद्र चौहान और कोषाध्यक्ष पद पर पंकज बाबू अग्रवाल को चयनित किया गया। कार्यकारिणी के गठन के उपरांत सभी सदस्यों ने नवगठित टीम को बधाई दी और आशा जताई कि संघ सभी कर्मचारियों के हित में सकारात्मक दिशा में कार्य करेगा। नवचयनित अध्यक्ष दिलीप हाथिए ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि वे पारदर्शिता और समन्वय के साथ संघ का संचालन करेंगे ।

### समृद्धि डेली नीड्स का शुभारंभ कल

**बैतूल, देशबन्धु।** शहर के मोती वार्ड स्थित चक्कर रोड पर समर्पण हॉस्पिटल के पास एक नया प्रतिष्ठान समृद्धि डेली नीड्स का शुभारंभ कल 29 जून रविवार को किया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिष्ठान के संचालक हर्ष (सत्यम) साहू एवं लीना साहू, आनंद साहू को शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

### ट्रांसफर के बावजूद पंचायत में डटे हैं सचिव, अवैध निकासी का आरोप

**बैतूल, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत केकडियाकला जनपद पंचायत भीमपुर में पदस्थ सचिव और अन्य सचिवों पर ट्रांसफर आदेश के बावजूद कार्यमुक्त नहीं होने और अवैध रूप से पंचायत में डटे रहने का आरोप लगाया गया है। जिला पंचायत कार्यालय बैतूल द्वारा 9 जून को आदेश जारी करते हुए जिले की कई ग्राम पंचायतों में पदस्थ सचिवों का अन्य जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों में ट्रांसफर कर दिया गया था। साथ ही उन्हें एफतरफा रिलीव भी कर दिया गया था। शिकायतकर्ता पवन मालवी ने जिला पंचायत सीईओ को लिखित शिकायत में बताया कि ट्रांसफर और रिलीविंग आदेश के बावजूद केकडियाकला सचिव आज भी ग्राम पंचायत में कार्यरत हैं।

### साहू समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष 29 जून को बैतूल आएंगे, होगा कार्यक्रम

**बैतूल, देशबन्धु।** अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा दिल्ली एवं युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल का रजत जयंती समारोह 29 जून दिन रविवार को सुबह 10.30 बजे से 3.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति प्रमुख गोपाल साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कुमार साहू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। प्रहलाद साहू ने बताया कि इस समारोह मेंसंगठन का रजत जयंती समारोह धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। सुबह 10:30 दीपक प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। हर प्रतिभाओं का सम्मान, सामाजिक गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों का सम्मान, सामाजिक गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों का सम्मान के अलावा सामाजिक बिंदुओं पर मंथन किया जाएगा। आयोजन समिति के कैलाश साहू ने विचार रखे।

### इस्लामिक नववर्ष पर दी मुबारकबाद बोले: यह कुर्बानी की याद दिलाता है

**आमला, देशबन्धु।** इस्लामिक कैलेंडर का नया साल मोहर्रम की पहली तारीख से शुरू हो गया है। इस अवसर पर प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स आमला के अध्यक्ष मोहम्मद आसीफ लंघा ने समस्त देशवासियों को इस्लामिक नववर्ष और मोहर्रम की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मोहम्मद आसीफ लंघा ने अपने संदेश में कहा कि इस्लामिक नववर्ष हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की कुर्बानी की याद दिलाता है। जिन्होंने कर्बला के मैदान में अन्याय के खिलाफ खड़े होकर इंसाफ, सच्चाई और इंसानियत के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया।

# कैसे जाएं स्कूल...सड़क पर भरा हुआ पानी, दुर्घटना का खतरा भी कम नहीं

## कांग्रेस ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

## आमला जनपद चौराहे से पीर मंजिल तक सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण की मांग उठी

**आमला/बैतूल, देशबन्धु।** जनपद चौराहे से लेकर पीर मंजिल तक की सड़क पूरी तरह से जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो चुके हैं, जिनमें बरसात का पानी भर जाने से राहगीरों, छात्राओं, व्यापारियों एवं आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आमला नगर के जनपद चौराहे से पीर मंजिल तक सीमेंट कंक्रीट सड़क एवं नाली निर्माण की मांग को लेकर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष छन्नू बेले के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने तहसीलदार आमला के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष छन्नू बेले ने बताया कि इसके अलावा शासकीय कन्या शाला के सामने सड़क की हालत अत्यंत खराब है। सड़क पर गड्ढों में पानी भरने से छात्राओं को स्कूल आना-जाना दूभर हो गया है। वाहनों के गुजरते ही गंदा पानी उछलकर छात्राओं के गणवेश पर गिरता है, जिससे न केवल उनके स्वास्थ्य पर असर पड़ता है, बल्कि दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है।

### भारी वाहनों के कारण बढ़ रहा खतरा

बेले ने बताया कि आवागमन के लिए इस मार्ग पर बड़े वाहनों की आवाजाही बनी रहती है, जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर स्थिति बनती जा रही है। कांग्रेस ने मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही उक्त मार्ग पर सीमेंट कंक्रीट सड़क एवं नाली निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन आंदोलन करने को मजबूर होगा। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष छन्नू बेले, करणी सेना अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ठाकुर, सुखदेव नारे, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ कांग्रेस के जिला संगठन मंत्री लखन लाल नागले, व्यापारी संघ न्यू मार्केट अध्यक्ष राजेंद्र साहू, शेख़ अलताप, अजय सिंह ठाकुर, जितेंद्र शर्मा, राजेश सूरे, वीरेंद्र सिसोदिया, रामचरण बामने, घनश्याम यादव, नासिर खान सहित अन्य शामिल है।

## बस स्टैंड की जर्जर सड़क से यात्री हलाकान



**बैतूल, देशबन्धु।** शहर की दो प्रमुख सड़कों पर 3 करोड़ रुपये की लागत से व्हाइट टॉपिंग सीसी रोड का निर्माण शुरू हो गया है। यह कार्य लोक निर्माण विभाग की देखरेख में किया जा रहा है, जिससे शहर के मुख्य मार्ग तो जल्द ही चमकने वाले हैं, लेकिन कोठीबाजार बस स्टैंड के अंदर की सड़क की हालत बदहाल है। यहां कोई मरम्मत का काम नहीं हुआ है। कोठीबाजार बस स्टैंड से प्रतिदिन सैकड़ों बसों का संचालन होता है। जहां ग्रामीण अंचलों से लेकर शहर के अलग-अलग हिस्सों तक लोग बसों के माध्यम से सफर करते हैं। लेकिन बारिश के इन दिनों में यह सड़क गड्ढों से भरी हुई है और जगह-जगह जलभराव हो रहा है। जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टैंड के अंदर खड़े यात्रियों ने बताया कि जब भी बारिश होती है तो सड़क पूरी तरह कीचड़ से भर जाती है, जिससे पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। कई बार यात्रियों के फिसलने की घटनाएं भी हो चुकी हैं। बस ऑपरेटरों और ड्राइवरों का भी कहना है कि गड्ढों के कारण बसों को पार्किंग में लगाना मुश्किल हो जाता है फिर भी नगर पालिका द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यात्रियों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि कोठीबाजार बस स्टैंड परिसर की जर्जर सड़क की मरम्मत तुरंत करवाई जाए, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और साफ वातावरण मिल सके।

बेटा बाल-बाल बचा, पीएचई कार्यालय के सामने हुई दुर्घटना

# तेज रफ्तार ट्रक ने ड्यूटी जा रही महिला स्वास्थ्यकर्मी को रौंदा, मौके पर ही मौत



**चिचोली, देशबन्धु।** नगर के अस्पताल रोड पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सडक हादसे में स्कूटी सवार महिला को सीमेट से लदे तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया । घटना के वक्त उनका बेटा भी साथ में था जो बाल-बाल बचा। मृतका रजनी पति सुदामा गंगारे उम्र 35 साल निवासी ग्राम जोगली की रहने वाली थीं, वह चिचोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एन आर सी विभाग में असिस्टेंट केयर टेकर के पद पर कार्यरत थी। रजनी सुबह 10 अपनी ड्यूटी के लिए अस्पताल जाने के लिए निकली थी। यह घटना चिचोली के पी एच ई विभाग कार्यलय के सामने की है। दुर्घटना इतना भीषण थी कि देखने वालों के भी रोंगटे खड़े हो गए। ट्रक का टायर मृतिका के सिर के ऊपर से चला गया था। प्रत्यक्षदर्शी एवं परिजनों के मुताबिक सीमेंट से लदे तेज रफ्तार ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाते हुए स्कूटी सवार महिला को अपनी चपेट ले लिया इस दुर्घटना में स्कूटी सवार महिला की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई । स्कूटी पर सवार 11 वर्षीय बालक कृष्णा को पैर मे गंभीर चोट आई है ।घटना के बाद वहाँ अफरा तफरी मच गई । पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है।

### मिलर मिशन वाहन पलटने से युवक की दबाने से मौत

चिचोली थाना क्षेत्र के अंतर्गत झाफल रोड पर मानकदडं के पास गुरुवार रात मिलर मिक्सर मशीन के पलटने से मिलर में सवार नरेश पिता रमेश यादव उम्र 18 साल निवासी तारा की मिलर में दबने से दर्दनाक मौत हो गई। मिलर सवार सुभाष को गंभीर चोट होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिलर वाहन सड़क के 10 फीट नीचे पलट गया, जिसके कारण शव को निकालने में कड़ी मेहनत करनी पड़ी । पुलिस ने शव का चिचोली अस्पताल में पीएम करवाकर परिजनों को सौंप दिया ।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल:** हृदय विदारक घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और परिजन सदमें है । थाना प्रभारी हरिओम पटेल ने बताया कि ट्रक की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई है । ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि ट्रक चालक लापरवाही पूर्वक ट्रक चला रहा था।

इंदौर का राजा रघुवंशी हत्याकांड

# निकाला कैंडल मार्च, पुरूषों ने सुनाई अपनी दास्तान




**बैतूल, देशबन्धु।** इंदौर में हाल ही में हुए राजा रघुवंशी हत्याकांड ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना के विरोध और पुरुषों पर हो रहे बढ़ते उत्पीड़न के खिलाफ बैतूल के कारगिल चौक पर गुरुवार की शाम सेव इंडियन फैमिली (एसआईएफ बैतूल) के बैनर तले सांकेतिक मौन मोमबत्ती प्रदर्शन का आयोजन किया गया। आयोजन के संयोजक डॉ. संदीप गोहे ने कहा कि राजा रघुवंशी की हत्या कोई सामान्य अपराध नहीं, उस सामाजिक और कानूनी असंतुलन का दुष्परिणाम है, जिसमें पुरुषों को झूठे मुकदमों और मानसिक प्रताड़ना के कारण आत्महत्या जैसे रास्ते पर जाने को मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुरुषों को विशेष अधिकार नहीं मिलने के चलते आज का पुरुष मानसिक, सामाजिक और कानूनी शोषण का शिकार है। लेकिन अब वक्त आ गया है कि पुरुषों के लिए भी आवाज उठाई जाए। प्रदर्शन में चन्द्रप्रकाश झारे, रूपेश पवार, विजय साहू, शंकर मालवीय, अजय वरवड़े, राजेश उपरले, बिस्वजीत मंडल सहित कई जागरूक पुरुषों ने भाग लेकर यह संदेश दिया कि अब पुरुष अन्याय और झूठ के खिलाफ चुप नहीं बैठेंगे।

### सट्टा तबाह कर रहा परिवार, पुलिस बेपरवाह, कांग्रेस ने चेताया

**भैंसदेही।** नगर में अवैध सट्टे का कारोबार जोरों पर है। शहर के विभिन्न स्थानों जैसे बस स्टैंड चौक, दैयात बाबा चौक, मटन मार्केट, पुरानी नगर परिषद बाजार चौक, गुदगांव चौपाटी, खामला और सवालमेंडा में खुलेआम सट्टे का कारोबार चल रहा है। कई परिवारों में इस अवैध काम से कलह की स्थिति बन गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की जानकारी में यह अवैध कारोबार चल रहा है, महेश धोटेकर कांग्रेस पार्षद ने कहा, अगर बंद नहीं होता है तो युवा कांग्रेस और ब्लाक कांग्रेस इसे बंद करवाने के लिए धरना प्रदर्शन करेंगी।

# पीएम आवास और पंचायतों में भ्रष्टाचार की हो उच्चस्तरीय जांच: किसान संघर्ष समिति



**बैतूल, देशबन्धु।** किसान संघर्ष समिति आमला के अध्यक्ष दिनेश यदुवंशी के नेतृत्व में किसानों एवं ग्रामीणों ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय आमला पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना में फैले भ्रष्टाचार, गल्ला मंडी के लिए भूमि आवंटन, पंचायत सचिव के खिलाफ कार्यवाही और ग्राम की शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने जैसी चार प्रमुख मांगों का ज्ञापन तहसीलदार आमला रिचा कौर को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़े स्तर पर अनियमितताएं सामने आई हैं। गरीबों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा, जबकि अपात्रों, पक्के मकान वालों को लाभ दिया गया है। हितग्राहियों के खातों में राशि का गबन किया गया है और अपात्रों को योजनाओं का लाभ देकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। योजना के क्रियान्वयन में भारी लापरवाही बरती जा रही है, जिससे गरीबों को नुकसान हो रहा है। जिम्मेदार अधिकारी मौके पर निरीक्षण नहीं करते जिससे दिक्कत बढ़ रही है। दूसरी मांग में कहा गया है कि बोरदेही क्षेत्र में कृषि उपज मंडी प्रस्तावित है, लेकिन भूमि आवंटन न होने से यह मंडी शुरू नहीं हो पा रही है। जबकि ग्राम हरन्या और बोरदेही में शासन की रिक्त भूमि उपलब्ध है। वहां मंडी खोलकर किसानों को लाभ दिया जाना चाहिए। ग्राम पंचायत मालेगांव के सचिव संतोष पिता प्रभुदयाल पर पक्षपातपूर्ण और बदले की भावना से कार्य करने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों द्वारा पूर्व में सचिव के विरुद्ध सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार की शिकायत की गई थी, जिसमें जांच में सचिव दोषी पाया गया, लेकिन अब तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। समिति ने सचिव को पद से हटाने की मांग की है।

# पुष्य नक्षत्र पर 422 बच्चों को पिलाया जीवनरक्षक स्वर्ण प्राशन

### आयुर्वेद चिकित्सालय टिकारी में हुआ स्वर्ण प्राशन संस्कार का आयोजन

**बैतूल, देशबन्धु।** पुष्य नक्षत्र के शुभ संयोग पर 27 जून को शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय टिकारी में स्वर्ण प्राशन संस्कार का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर पालकों ने उत्साह के साथ अपने बच्चों को स्वर्ण प्राशन के लिए अस्पताल पहुंचाया। जिला आयुष विभाग के अनुसार टिकारी स्थित जिला आयुर्वेद अस्पताल में 358 बच्चों को स्वर्ण प्राशन पिलाया गया, वहीं गर्ग कॉलोनी स्थित शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय में 64 बच्चों को यह अमृततुल्य औषधि दी गई। इस प्रकार कुल 422 बच्चों को इस माह स्वर्ण प्राशन कराया गया।

डॉ. योगेश चोकीकर, जिला आयुष अधिकारी एवं बाल रोग विशेषज्ञ ने जानकारी दी कि स्वर्ण प्राशन के माध्यम से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है और यह विशेषकर वर्षा ऋतु में होने वाले मौसमी रोगों से उन्हें बचाने में सहायक है। स्वर्ण प्राशन में स्वर्ण भस्म, ब्राही, शंखपुष्पी, वचा आदि औषधियों को मधु और घृत के साथ मिलाकर तैयार किया जाता है। इसे पुष्य नक्षत्र के दिन उत्तर दिशा की ओर मुख कराकर बच्चों को दिया जाता है, जिससे इसका प्रभाव अधिक उत्तम होता है। उन्होंने बताया कि अगले महीने पुष्य नक्षत्र की तिथि 25 जुलाई है। उन्होंने जिले के समस्त पालकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को इस दिन स्वर्ण प्राशन हेतु अवश्य लाएं, ताकि वे बदलते मौसम की बीमारियों से सुरक्षित रहें।



साथ ही डॉ. चौकीकर ने यह भी सूचित किया कि हर माह के प्रत्येक शनिवार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय टिकारी में गर्भवती माताओं के लिए नि:शुल्क गर्भ संस्कार का आयोजन किया जा रहा है। यह संस्कार गर्भस्थ शिशु को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ एवं संस्कारवान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सभी गर्भवती माताओं से इसमें भाग लेने की अपील की गई है।

# 52 परगनों पर राज करने वाले खेड़ला नरेश राजा ईल का स्कैच छायाचित्र जारी

## बाल कलाकार की कल्पना से उकेरा गया गोंड सम्राट राजा ईल का चित्र



**बैतूल, देशबन्धु।** धनोरा (पारसडोह) गांव के स्कूली छात्र प्रवीण मालवी ने खेड़ला राजवंश के प्रतापी सम्राट राजा ईल का स्कैच छायाचित्र तैयार किया है। यह चित्र बैतूल मीडिया सेंटर में पत्रकार व लेखक रामकिशोर पवार की प्रेरणा से बनाया गया है, जिन्होंने मेरा बेतूल पुस्तक के जरिए जिले की ऐतिहासिक विरासत को सामने लाने का प्रयास किया है। प्रवीण मालवी ने अब तक सैकड़ों स्कैच आधारित छायाचित्र बनाए हैं, यह पहला ऐतिहासिक चित्र है, जिसे एक कल्पना शक्ति से उकेरा गया है। चित्र को भरपूर सराहना मिल रही है, क्योंकि यह बैतूल के गौरवशाली अतीत और गोंडवाना संस्कृति की यादों को पुनर्जीवित करता है। ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार, गोंड राजा ईल ने 1743 से 1818 तक खेड़ला किले पर शासन किया था। राजा ईल एक पराक्रमी शासक थे, उनके पास पारसमणि भी थी, जिसके बारे में कहा जाता है कि वह लोहे को सोने में बदल सकती थी। उनके अधीन 52 परगनों और छोटे-छोटे किलों का साम्राज्य था। 1818 में सीतावल्दी (अब बैतूल बाजार) को नागपुर संघ में मिलाए जाने के बाद भी राजा ईल ने खेड़ला का प्रशासन अपने हाथों में रखा। 1826 में इस क्षेत्र को ब्रिटिश संघ में शामिल किया गया, लेकिन राजा ईल का इतिहास गोंडवाना राजवंश की वीरता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक बना रहा। राजा ईल की कुलदेवी मां चंडी मानी जाती हैं, जिनका मंदिर आज भी चिचोली तहसील में श्रद्धा का केंद्र है। खेड़ला किला, आज खंडहर रूप में है, कभी गोंड शासन की सत्ता का महत्वपूर्ण गढ़ हुआ करता था।

तपस्वी संत शीतल राज का ऐतिहासिक मंगल प्रवेश, भक्ति और श्रद्धा का उमड़ा सैलाब

# संयम और तप ही आत्मा को शुद्ध करते हैं: मुनिराज

## आचार्य प्रवर के आगमन पर वर्षा भी थमी, तप की आभा से वातावरण हुआ भक्तिमय

## गुरुदेव ने दिया आत्म साधना का मंत्र, देशभर से पहुंचे श्रावक, श्राविकाएं



**बैतूल, देशबन्धु।** संयम, तप और साधना के प्रतीक, आचार्य प्रवर पूज्य 1008 हस्तीमल जी के सुशिष्य, आड़ा आसन त्यागी घोर तपस्वी गुरुदेव शीतल राज जी महाराज का शुक्रवार 27 जून को बैतूल में ऐतिहासिक और भव्य मंगल प्रवेश हुआ। जैसे ही गुरुदेव नगर में प्रविष्ट हुए, सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया।

बैतूल के जैन श्वेतांबर समाज के सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं सफेद वस्त्रों और पारंपरिक लहरिया साड़ियों में सुसज्जित होकर इस दिव्य प्रवेश यात्रा में शामिल हुए। जय जयकार के उद्घोष और भक्ति गीतों के संग धर्म यात्रा चक्कर रोड स्थित निलेश वोरा के निवास से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई स्थानक भवन पहुंची। धर्मयात्रा का यह रूप आगे चलकर विशाल धर्मसभा में परिवर्तित हो गया, जिसमें देशभर से पधारे अतिथियों ने अपने विचार रखे। बालाघाट से आए प्रकाश बाघरेचा, बड़वानी की रुचिता जैन विजयराज, इटारसी से सुनील दरडा, जयपुर से कांतिलाल बाघरेचा, पारसमल गोखरू जयपुर, पारसिवनी से राजेश बोथरा सहित अनेक श्रद्धालुओं ने गुरुदेव की तप साधना को समर्पित भाव से नमन किया।

धर्मसभा में चातुर्मास भोजनशाला के प्रभारी नवीन तातेड़ ने अपने भाव व्यक्त किए और स्थानकवासी संघ के अध्यक्ष अरुण गोठी ने बैतूल के सभी श्रद्धालुओं से चातुर्मास काल में उपस्थिति की अपील की। कार्यक्रम का संचालन मुकेश गोठी द्वारा किया गया। गुरुदेव शीतल राज जी ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि जीवन में एक सामयिक अवश्य करनी चाहिए, चाहे परिस्थिति कैसी भी हो।

उन्होंने बताया कि सामयिक से मन की एकाग्रता बढ़ती है और हमारे कई पापों की निर्जरा संभव होती है। भोजन का विवेकपूर्ण उपयोग करें, क्योंकि संयम और तप ही आत्मा को शुद्ध करते हैं। तप से जीवन में नई ऊर्जा और जन्मों के दोषों का नाश होता है। मंगल प्रवेश के इस आयोजन में लगभग 250 अतिथि देशभर से पहुंचे, जिन्होंने गुरुदेव के दर्शनों और धर्मसभा में सहभागिता कर स्वयं को कृतार्थ माना। कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी संघ के प्रवक्ता सतीश पारख ने दी। बैतूल अब आगामी चार महीनों तक धर्म, संयम और साधना का केंद्र रहेगा।

भाजयुमो द्वारा आयोजित युवा संवाद में बोले मुख्यमंत्री

# आपातकाल लगाना ऐतिहासिक गलती थी इसे याद रखें युवा



## तानाशाही का गलत आरोप लगा रहा विपक्ष

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विपक्ष कार्रवाई से बचने के लिए मोदी सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाता है, जबकि अटलजी से लेकर नरेन्द्र मोदी तक भाजपा की सरकारों ने लोकतंत्र को पुष्ट करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र है, इसीलिए एक चाय वाला प्रधानमंत्री और गाय वाला मुख्यमंत्री बन सकता है। इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल लगाना एक ऐतिहासिक गलती थी, आज के युवा इसे याद रखें। डॉ. यादव आज आईएसबीटी स्थित नगर निगम सभागार में भाजयुमो द्वारा आयोजित 'युवा संसद' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कहा कि इंदिरा गांधी और कांग्रेस पार्टी ने अपने निज स्वार्थों के लिए संविधान में कई संशोधन किए तथा अपनी कुत्सित मानसिकता का परिचय दिया। 1975 से देश में एक परिवार ने लोकतंत्र को ताक पर रखकर अपने आपको देश से ऊपर रखने की परंपरा प्रारंभ की, जो लगातार चल रही है।

डॉ. यादव ने कहा कि एक हजार साल की गुलामी के बाद 1947 में हमें आजादी मिली थी, लेकिन कांग्रेस ने आजादी के बाद आपातकाल लगाकर लोकतंत्र को कलंकित करने का काम किया। कांग्रेस पार्टी जब-जब चुनाव हारती है, या विपक्ष की भूमिका में होती है, तो वह कहने लगती है कि संविधान खतरे में हैं। कांग्रेस नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं और उनके अनेक नेता जमानत पर हैं।

युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी रोहित चहल ने कहा कि आपातकाल की घटना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे दुखद और शर्मनाक घटनाओं में से एक है। यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था। वहीं युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार ने कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। हमें आपातकाल की काली सच्चाई को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने की जरूरत है। इस दौरान मंच पर महापौर श्रीमती मालती राय, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति एवं नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी मंचासीन रहे।

### राजनीति को परिवारवाद से मुक्त करने आगे आएं युवा : शर्मा

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आज भारत चंद्रयान द्वारा चांद पर पहुंच गया है, लेकिन हमारी यह यात्रा उन हजारों लाखों लोगों के संघर्षों, बलिदानों से होकर गुजरी है, जिन्होंने आपातकाल के दौरान अपार कष्ट और प्रताड़ना सही है। उन लोगों इस संघर्ष के बारे में आज की युवा पीढ़ी को होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को ज्ञात होना चाहिए कि 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोपकर संविधान का गला घोंट दिया गया। यह घटना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे दुखद और शर्मनाक घटनाओं में से एक है। आपातकाल लगाने का उद्देश्य नेहरू-गांधी परिवार का सत्ता पर वर्चस्व बनाए रखने की लालसा में संविधान को रौंदने का कुत्सित प्रयास था। लेकिन आज उन्हीं इंदिरा गांधी के परिवार के लोग संविधान हाथ में लेकर उसकी दुहाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति को परिवारवाद से मुक्त करने के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए।

# मेट्रोपॉलिटन अथॉरिटी के कार्यों पर नजर रखने कांग्रेस ने गठित की कमेटी

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार द्वारा नगरीय विकास की दीर्घकालिक योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए कांग्रेस ने एक कमेटी का गठन किया है।

पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गठित इस समिति में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, विधायक एवं पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, कांग्रेस प्रवक्ता अभय दुबे और सेवानिवृत्त आईएएस बीके बाथम शामिल किए गए हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा गठित उच्चस्तरीय कमेटी के माध्यम से कांग्रेस पार्टी ने मेट्रोपॉलिटन अथॉरिटी के कार्यों पर नजर रखेगी।

गठित कमेटी को लेकर महामंत्री संगठन, मप्र. कांग्रेस कमेटी डॉ. संजय कामले ने कहा है कि प्रदेश की जनता ने देखा है कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा बनाई गई कई योजनाएं, जैसे बीआरटीएस में किस प्रकार जनता के पैसे की बर्बादी साबित हुई। ऐसे में कांग्रेस का यह दायित्व है कि वह इन योजनाओं पर न केवल नजर रखे, बल्कि समय-समय पर ठोस सुझाव भी प्रस्तुत करे। डॉ. कामले ने मांग की है कि इन नामित सदस्यों को मेट्रोपॉलिटन अथॉरिटी की बैठकों में आमंत्रित किया जाए।


इम्पेक्ट फीचर

# शिक्षा से मानव निर्माण की दिशा देने वाले चिंतक शिल्पी

**हरदा।** ज्ञान गंगा स्कूल के संचालक अर्जुनसिंह चौहान का नाम हरदा एवं प्रदेश की शैक्षणिक दुनिया में एक ऐसे मार्गदर्शक के रूप में लिया जाता है जिन्होने शिक्षा को केवल कॅरियर (नौकरी) का माध्यम ही नहीं बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण का रास्ता बनाया। वर्ष 2001 में जब ज्ञानगंगा स्कूल की स्थापना की थी, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह छोटी सी पहल आने वाले समय में हरदा और प्रदेश भर के शिक्षा जगत को इतनी गहराई से प्रभावित करेगी।

**ऐसे मिली ज्ञानगंगा स्कूल की स्थापना की प्रेरणा :** महाविद्यालयीन शिक्षा प्राप्त करने के बाद प्रायवेट स्कूल में नौकरी की। वहां पर पालको एवं छात्रो का अपार स्नेह मिला। परन्तु छात्रों के लिए कोई काम्पिटिशन परीक्षाओ की तैयारी के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। छात्रों में अपार संभावना को देखते हुए काम्पिटिशन के लिए ज्ञानगंगा लायब्रेरी की स्थापना की। जिसका छात्रो ने लाभ उठाकर अपना कॅरियर बनाया। बस यही से शिक्षा की अलख जगाने की प्रेरणा मिली और 5 जुलाई 2001 को किराये के भवन एवं 36 छात्रों से ज्ञान गंगा स्कूल की स्थापना की गई।

**वर्तमान भारतीय शिक्षा प्रणाली की सबसे बड़ी कमी :** अर्जुनसिंह चौहान के अनुसार यह है कि छात्र एवं पालक अंकसूची में अच्छे अंक एवं शार्ट तरीके से डिग्री हासिल करना चाहते है परन्तु अपनी दक्षता हासिल करने में कोई रूचि नही ले रहे है।

**नई शिक्षा नीती पर दृष्टिकोण :** नई शिक्षा निति (NEP 2020) को लेकर अर्जुन सिंह चौहान का मत स्पष्ठ है कि इस शिक्षा नीती में नये भारत का सपना है इससे नये भारत का निर्माण होगा। परन्तु इसका सही परिणाम तभी आयेगा जब इसका क्रियान्वयन जमीनी स्तर प्रर प्रभावी रूप से लागू किया जायेगा।

**डिजिटल शिक्षा का प्रभाव :** डिजिटल शिक्षा विकास का प्रतीक है एवं वर्तमान की आवश्यकता है परन्तु इसका स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा तथा कई प्रकार की विकृतियां उत्पन्न हो रही है जिससे समाजिक व्यवस्था डगमगा रही है। अत: डिजिटल शिक्षा एवं सामाजिक व्यवस्था में संतुलन आवश्यक है।



**अर्जुनसिंह चौहान**
डायरेक्टर ज्ञान गंगा इंग्लिश मीडियम स्कूल हरदा
यूरो किड्स प्ले स्कूल हरदा

**सामाजिक एवं मानवीय मूल्यो पर आधारित हो शिक्षा :** ज्ञानगंगा स्कूल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है। ये छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारियों का अनुभव कराने के लिए अस्पतालो में जाकर रोगियो के साथ समय बिताना दवाई, फल एवं अन्य जरूरतों को अपने जेब खर्च से पूरा करना, प्राकृतिक आपदा के समय पीडितो की सहायता करना।

**श्री चौहान कहते है "स्वास्थ से बड़ा कोई धन नही होता है, इसलिए खेल, योग और शारीरिक गतिविधियाँ पाठ्यक्रम का अहम हिस्सा है"।**

**बच्चों को नहीं माता पिता को समझना होगा :** करियर को लेकर आज की युवा पीढ़ी भम्र और दबाव में जी रही है लेकिन चौहान इस स्थिति के लिए छात्रो से अधिक उनके माता-पिता को जिम्मेदार मानता हूं। आज के समय में हर बच्चा अनोखा होता है उसकी अपनी क्षमता और रूचि होती है। जब एक छोटे बच्चे जिसकी उम्र 2 या 3 वर्ष होती है तभी उसको बड़े-बड़े सपने एवं ख्वाबों में दबा दिया जाता है जिससे वे जीवन भर नहीं उभर पाते है। शिक्षा का उद्देश्य नौकरी प्राप्त करना नहीं, एक अच्छा इंसान बनना है।

**विश्वस्तरीय शिक्षा भूमण्डलीकरण (ग्लोबल) की ओर :** श्री चौहान मानते है कि वर्तमान शिक्षा अपनी सीमाओं को पार कर ग्लोबल एज्यूकेशन की ओर बढ़ रही है ऐसे में हमारे बच्चों के सामने विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धा उपस्थित है। इस प्रतिस्पर्धा को पार करने के लिए हमारे पास विश्वस्तरीय तकनिकीय शिक्षा पाठ्यक्रम होना आवश्यक है और वह भी प्रायमरी से प्राप्त करना। **इसके लिए ज्ञानगंगा स्कूल ने इंटरनेशनल EURO Kid Play स्कूल हरदा** शहर में एक फ्रेंचाइसी ब्रांड लेकर आये जो इस ग्लोबल एज्यूकेशन में मददगार होती है। यहाँ यूरो-किड्स टेक्नीक से 6 वर्ष तक के बच्चे का 90% मस्तिष्क विकास हो जाता है, बच्चे की सोच विकसित होती है वह देखो और करो पद्धति पर आधारित है।

**पता- गायत्री मंदिर, मेजर जोशी कॉलोनी, हरदा मो. 9826377454, 8109371682**


पीड़ित का वीडियो वायरल करने और वैमनस्य फैलाने का आरोप

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी के खिलाफ मुंगावली में मामला दर्ज



**भोपाल, देशबन्धु।** अशोकनगर में पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ झूठी कहानी गढ़ने और लालच देने के साथ ही वैमस्यता फैलाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। जिले के एक गांव के सरपंच द्वारा एक व्यक्ति को मानव मल खिलाने के मामले में पीड़ित व्यक्ति मीडिया के सामने दिए अपने बयान से पलट गया है। उसने आरोप लगाया है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के कहने पर उसने झूठ बोला जिसका वीडियो बनाकर पटवारी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस मामले में गजराज लोधी की शिकायत पर मुंगावली पुलिस ने जीतू पटवारी के खिलाफ पीड़ित की पहचान उजागर करने और समाजों के बीच वैमनस्य फैलाने का मामला दर्ज कर लिया है।

पीड़ित गजराज का कहना है कि उसका सरपंच के लड़कों से विवाद जरूर हुआ था, जिसके बाद कांग्रेसी उसे जीतू पटवारी से मिलवाने ओरछा ले गए थे, जहां पटवारी ने गजराज पर दवाब बनाया कि वह यह कहे कि उसे न सिर्फ सरपंच के बेटे और उसके दोस्तों ने मारा बल्कि उसे मानव मल भी खिलाया है। पीड़ित ने कहा कि वह घटना के बाद से मानसिक रूप से परेशान था, पटवारी के दवाब में उसने मानव मल खिलाने वाली बात कही, जिसे पटवारी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। पीड़ित ने शपथ पत्र देते हुए कहा कि उसके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई है, जीतू पटवारी ने उसे झूठ बोलने और बदले में मोटर साइकिल और भरण-पोषण देने का वादा किया था। इस मामले के सामने आने के बाद कांग्रेस की एंट्री हुई, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर मूंडरा निवासी पीड़ित रघुराज लोधी और गजराज लोधी से मुलाकात का एक वीडियो शेयर किया। यह वीडियो वायरल होने से राजनीति गरमा गई। पीड़ितों के आरोप सुनकर वीडियो में ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अशोकनगर कलेक्टर को फोन कर 8 दिन में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

भाजपा ने कहा- सस्ती सियासत के लिए प्रदेश की साख गिराने का षड्यंत्र!

### कांग्रेस पटवारी से इस्तीफा ले


इस घटनाक्रम के बाद भाजपा की ओर से प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल की प्रतिकिया आई है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा एक्स पर पोस्ट किया गया वीडियो जिसमें मारपीट और मानव मल खिलाने की झूठी कहानी गढ़ी गई- अब दोनों युवक गजराज व रघुराज ने शपथपत्र देकर इसे झूठा और प्रायोजित बताया है। भाजपा नेता ने कहा इन युवकों ने खुलासा किया है, कि यह सब कांग्रेस अध्यक्ष के कहने और लालच में किया गया था- मोटरसाइकिल और आर्थिक मदद का लालच देकर यह नाटक रचाया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री पटवारी द्वारा गढ़ा गया पूरा प्रकरण एक पूर्वनियोजित आपराधिक साजिश है, कांग्रेस को उनसे इस्तीफा लेना चाहिए। अग्रवाल ने लिखा कि अशोकनगर पुलिस ने पटवारी खिलाफ सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास, अमानवीय आपराधिक षड्यंत्र, प्रदेश की छवि धूमिल करने और राजनीतिक आपराधिक षड्यंत्र से संबंधित भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में अपराध कायम किया गया है।

# रिहाई में देरी, उप्र को देना पड़ा लाख रुपए मुआवजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय के जमानती आदेश का पालन करने में करीब एक माह की देरी के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को पांच लाख रुपए का मुआवजा देना पड़ा। न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिस्वर सिंह की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ के समक्ष उत्तर प्रदेश सरकार के अधिवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि अदालती आदेश का पालन करते हुए संबंधित पीड़ित व्यक्ति को मुआवजा दे दिया गया है। अदालत के समक्ष पीड़ित व्यक्ति के अधिवक्ता ने उक्त मुआवजा राशि प्राप्त होने की पुष्टि की। शीर्ष अदालत ने आरोपी व्यक्ति को जेल से रिहा करने में करीब एक माह की देरी के लिए 25 जून को उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाई थी और इसके लिए उसे पांच लाख रुपये का मुआवजा संबंधित पीड़ित व्यक्ति को देने का आदेश दिया था।


**गाँधी पी.आर. महाविद्यालय**

UG COURSE
B.A., BCA, BBA, B.P.E.S., B.Sc., B.Lib
B.Com (Economics/ Computer/Hon's)



PG COURSE
M.A : Hindi, English. Maths, Economics History, Political Science, Sociology & Social Work
M.Sc : Zoology, Botany, Chemistry, Physics, Computer Science, Microbiology & Biotechnology
M.Com: Accounts & Management
B.Ed.: Bachelor of Education
(Online Counselling)

Direct Admission

DIPLOMA COURSE
P.G.D.Y.S : PG Diploma In Yogic Science
P.G.D.C.A. : PG Diploma in Computer Appcation
D.El.Ed. : Diploma in Elementary Education

www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com
Mob. 9827208070, 9425346230
9893194695, 9981291288, 7828186626



यदि संकल्पा: उत्कृष्ट: सन्ति।
तर्हि परिणामा: सर्वोत्कृष्ट: सन्ति।।


SAMARITANS — SIMPLICITY CREATIVITY PURITY

**Admissions Open**
For All Branches & Classes

संस्कारों से सुरभित संपूर्ण शिक्षा हेतु एक आदर्श

**हमारी शाखाएं:-**
- सांदीपनी परिसर,(सीबीएसई) मालाखेड़ी, नर्मदापुरम्
- माता महाकाली परिसर, जुमेराती, नर्मदापुरम्
- आंजनेय परिसर, माखननगर
- ज्ञानविज्ञान परिसर, (आईसीएसई) पिपरिया
- शीतला माता परिसर, सोहागपुर
- मां विजयासन परिसर,(सीबीएसई) बायां, सीहोर
- सरस्वती परिसर, इटारसी
- श्रीराम परिसर, सिवनीमालवा

**"शिक्षा सार बिंदु"**
- » जीवन में ज्ञान और वैज्ञानिक बुद्धि का विकास करना।
- » मानवता और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ाना।
- » जीवन में अनुशासन और समय को महत्व का बोध जागृत करना।
- » व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का आधार तैयार करना।
- » प्रत्येक व्यक्ति को एक श्रेष्ठ नागरिक बनाना।




'शिक्षा के सरोवर में सरसिज-सा सर्वश्रेष्ठ'

**SAMARITANS**
GROUP OF SCHOOLS
सांदीपनी परिसर, मालाखेड़ी, नर्मदापुरम

Email; gurushikhar@gmail.com

Contact us 9993143821, 9424414692, 9200118760, 8989425817, 8989425575, 8823046554, 7987572722, 9424487421, 8349118848, 9111937077, 9407289738


पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।